उज्जैन
सोमवार
06
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-243
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ खजराना गणेश का सभामंडप हो रहा डेढ़ फीट नीचे
7 ▸ ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर, नेमार ने रिटायरमेंट लिया




## पीएम मोदी इंडोनेशिया रवाना, सबसे बड़े हिंदू मंदिर जाएंगे



**जकार्ता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को इंडोनेशिया दौरे पर रवाना हो गए हैं। इस दौरान वह राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो से मुलाकात करेंगे और प्रम्बानन मंदिर भी जाएंगे,जो इंडोनेशिया का सबसे बड़ा हिंदू मंदिर परिसर है। साथ ही राष्ट्रपति सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय बैठक में करीब 2,500 करोड़ की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल डील पर मुहर लगने की संभावना है। इसके अलावा रक्षा सहयोग, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, निवेश, डिजिटल सहयोग और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में साझेदारी जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है।

## अमरनाथ गुफा में शिवलिंग 90% गायब ऊंचाई एक फीट बची

**श्रीनगर।** अमरनाथ में बनने वाले पवित्र शिवलिंग का आकार एक फीट रह गया है। 23 मई को बीएसएफ के जवानों ने जो तस्वीर जारी की थी, उसमें शिवलिंग का आकार करीब 7 फीट था। 29 जून को पहली पूजा के दिन भी हिमलिंग की ऊंचाई 5 फीट से ज्यादा थी। 6 जुलाई को सामने आई तस्वीर में हिमलिंग लगभग 90% गायब हो चुका है। 57 दिन चलने वाली यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी। पिछले 3 दिनों में 56 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री बाबा बफार्नी के दर्शन कर चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले साल से करीब 18.6% ज्यादा रहा।

## भागवत ने राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर कहा- दोषियों को मिले सख्त सजा



**नई दिल्ली।** अयोध्या के भव्य राम मंदिर में चढ़ावे की रकम में कथित गबन का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। रविवार को नागपुर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मोहन भागवत ने साफ किया कि वे इस मामले में संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले के बयान से पूरी तरह सहमत हैं। उन्होंने कहा कि होसबोले ने जो कुछ भी कहा है, वही उनकी भी राय है। इस बयान के बाद यह साफ हो गया है कि संघ इस मामले को बेहद गंभीरता से ले रहा है और दोषियों के खिलाफ किसी भी तरह की ढिलाई के मूड में नहीं है।

## मणिपुर के कांगपोकपी में गोलीबारी, 8 साल की बच्ची समेत 2 घायल

**मणिपुर।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले में हथियारबंद लोगों की फायरिंग में 8 साल की एक बच्ची और 56 साल की महिला घायल हो गईं। पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार शाम थिंगखोंगजांग गांव में हुई। दोनों घायलों को पहले असम राइफल्स के कैंप में प्राथमिक इलाज दिया गया, फिर देर रात इंफाल के रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अस्पताल रेफर किया गया। अस्पताल के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई है। जून में भी कांगपोकपी में गोलीबारी में घायल तीन कुकी युवकों को इसी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उस दौरान प्रदर्शनकारियों ने उन्हें हथियारबंद बताकर अस्पताल में घुसने की कोशिश की थी।

## मुझे रोकना है तो मारना पड़ेगा, गद्दारी की भी सीमा होती है : ममता



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद तृणमूल कांग्रेस में जारी बगावत के बीच ममता बनर्जी ने कहा कि पार्टी का चुनाव चिह्न कहीं नहीं जाएगा। अगर मुझे रोकना है तो मुझे मारना पड़ेगा। ममता ने बागी नेताओं को चुनौती देते हुए कहा, अगर हिम्मत है तो खुलकर बीजेपी में शामिल हो जाओ। तुम्हें क्या लगता है कि मैं खत्म हो गई हूं? मैं जनता के बीच पार्टी का चुनाव चिह्न लेकर जाऊंगी, मेरी आवाज कोई नहीं दबा सकता।

## 200 किमी फुटपाथ अतिक्रमण मुक्त, सड़क विक्रेताओं पर कार्रवाई से छिड़ी बहस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार की ओर से शुरू किए गए 'सेफ फुटपाथ अभियान' ने बेंगलुरु में एक नई बहस को जन्म दे दिया है। सरकार का दावा है कि महज तीन दिनों के भीतर शहर की प्रमुख और उप-प्रमुख सड़कों पर 200 किलोमीटर से अधिक फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है, जिससे पैदल यात्रियों को सुरक्षित और बाधारहित रास्ता उपलब्ध हो सकेगा। वहीं दूसरी ओर इस अभियान से प्रभावित हुए हजारों रेहड़ी-पटरी कारोबारियों के भविष्य और आजीविका को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं।

### पोषण आहार घोटाले में महिला एवं बाल विकास विभाग और ग्रामीण आजीविका मिशन के अफसर तलब

# 800 करोड़ के घोटाले में 3 अफसरों को नोटिस, एमपी के पूर्व सीएस भी फंसे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

एमपी में 800 करोड़ रुपए के पोषण आहार घोटाले में 3 अहम विभागों के जिम्मेदार अफसरों को नोटिस जारी किया गया है। लोकायुक्त ने प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को व्यक्तिगत रूप से तलब किया है। प्रदेश के पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने पोषण आहार घोटाले में लोकायुक्त को शिकायत की है। इसमें मध्यप्रदेश के तत्कालीन प्रमुख सचिव इकबाल सिंह बैस और आजीविका मिशन के तत्कालीन संचालक ललित मोहन बेलवाल सहित अन्य अधिकारियों पर करोड़ों रुपए की हेराफेरी के संगीन आरोप हैं। पूर्व विधायक सकलेचा ने महालेखाकार (एजी) की 2018 से 2021 के दौरान 8 जिलों में पोषण आहार की हुई जांच के आधार पर घोटाले की शिकायत लोकायुक्त से की थी। अब उसी मामले में संबंधित विभाग से मुकम्मल जवाब नहीं मिलने पर महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव और ग्रामीण आजीविका मिशन के सीईओ को 24 अगस्त को कार्रवाई प्रतिवेदन सहित लोकायुक्त कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

**लोकायुक्त के एक दर्जन से ज्यादा पत्रों का भी नहीं दिया जवाब**



### महालेखाकार की रिपोर्ट पर कार्रवाई प्रतिवेदन नहीं

घोटाले की शिकायत पर लोकायुक्त कार्यालय ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग से महालेखाकार की रिपोर्ट पर की गई कार्रवाई का प्रतिवेदन प्राप्त करने के लिए 14 पत्र भेजे हैं। 30 अक्टूबर 2023 के बाद एक-एक कर ये पत्र एसीएस तक भेजे गए। इसके बावजूद विभाग ने आज तक कार्यवाही प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं कर सका। हैरानी की बात तो यह है कि पंचायत विभाग ने खुद पांच बार मोहलत मांगी। 8 जून को जानकारी भेजी गई जिसे लोकायुक्त ने मांगी गई जानकारी के अनुरूप नहीं पाया है।

### सभी अधिकारियों को 24 अगस्त को उपस्थित होने को कहा

लोकायुक्त द्वारा जारी आदेश के तहत सभी अधिकारियों को 24 अगस्त को उपस्थित होने को कहा गया है। तीनों महत्वपूर्ण विभागों के शीर्ष अधिकारियों को लोकायुक्त के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए समन जारी किया गया है।

### पारस सखलेचा ने लोकायुक्त में 2023 को घोटाले की शिकायत दर्ज कराई थी

पूर्व विधायक पारस सखलेचा ने लोकायुक्त में 28 अगस्त 2023 को घोटाले की शिकायत दर्ज कराई थी। महालेखाकार द्वारा वर्ष 2018 से 2021 के बीच मध्यप्रदेश के 8 जिलों में की गई ऑडिट रिपोर्ट में पोषण आहार के उत्पादन, परिवहन और वितरण में भारी गड़बड़ियां उजागर हुई थीं। एजी की इसी रिपोर्ट के आधार पर पूर्व विधायक पारस सखलेचा ने लोकायुक्त को शिकायत की थी।

# जम्मू-कश्मीर में सरकारी स्कूल की 2 किताबों पर विवाद

### आतंकी हाफिज सईद-मकबूल भट को महान हस्ती बताया भाजपा बोली- ये एकेडमिक जिहाद, बुक बैन करें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के सरकारी स्कूलों की लाइब्रेरी में खरीदी गई दो किताबों पर यूएपीए के तहत एफआईआर दर्ज हुई है। इनमें मुंबई हमलों के मास्टर माइंड आतंकी हाफिज सईद और अलगाववादी नेता मकबूल भट को महान हस्तियां बताया गया है।

विवादित किताबों में एक हिलाल अहमद और संतोष मीना की पर्सनैलिटीज एंड लीजेंड्स ऑफ जम्मू-कश्मीर है। इसे जम्मू की ओबेरॉय बुक सर्विस ने पब्लिश किया है। दूसरी सुशांत गिरी की ग्रेट पर्सनैलिटी ऑफ जम्मू-कश्मीर है, जिसे दिल्ली के अनुराग प्रकाशन ने पब्लिश किया है।

दरअसल, जम्मू-कश्मीर पीपुल्स फोरम ने बुक का वीडियो शेयर कर आरोप लगाया था कि बुक में मकबूल भट को शहीद और सैयद अली शाह गिलानी, शब्बीर शाह व मीरवाइज उमर फारूक को प्रभावशाली व्यक्तित्व बताया गया है। भाजपा ने इसे एकेडमिक जिहाद बताते हुए किताबों पर बैन और जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की है। भाजपा ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से शिक्षा मंत्री के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है।

### किताब के पन्नों का वह हिस्सा जिसमें अलगाववादियों के बारे में लिखा है

**मीरवाइज मुहम्मद उमर फारूकः** (जन्मः 23 मार्च 1973) ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष हैं। यह जम्मू-कश्मीर के विभिन्न राजनीतिक दलों का एक गठबंधन है, जो राज्य की स्वतंत्रता की वकालत करता है। वह श्रीनगर की जामा मस्जिद के मीरवाइज (मुख्य धार्मिक उपदेशक) भी हैं।

**मीरवाइज मुहम्मद उमर फारूकः** (जन्मः 23 मार्च 1973) ऑल पार्टीज हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष हैं। यह जम्मू-कश्मीर के विभिन्न राजनीतिक दलों का एक गठबंधन है, जो राज्य की स्वतंत्रता की वकालत करता है। वह श्रीनगर की जामा मस्जिद के मीरवाइज (मुख्य धार्मिक उपदेशक) भी हैं।

# प्रदेश के 16 जिलों में कम वर्षा और संभावित सूखे का खतरा...

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन या जिले में भले ही वर्षा होने का सिलसिला शुरू हो गया हो लेकिन बावजूद इसके कम वर्षा और संभावित सूखे के खतरे को देखते हुए प्रदेश के 16 जिलों को अति संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इनमें बड़वानी, अलीराजपुर, दमोह, अनूपपुर, भिंड, ग्वालियर, नीमच, उज्जैन, अशोकनगर, सागर, रायसेन, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, मंडला, डिंडोरी और खरगोन शामिल हैं।

इन जिलों के लिए विशेष आकस्मिक योजना तैयार की गई है, जिसके तहत पेयजल, सिंचाई, पशुपालन और कृषि गतिविधियों पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर वैकल्पिक जल व्यवस्था और राहत उपाय तत्काल लागू किए जाएंगे। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अल नीनो प्रभाव के कारण इस वर्ष मानसून की सक्रियता प्रभावित हो सकती है। इसका असर विशेष रूप से मध्य भारत के राज्यों पर पड़ने की संभावना है। इसी कारण राज्य सरकार पहले से ही जल संरक्षण और जल प्रबंधन को लेकर एहतियाती कदम उठा रही है, ताकि संभावित संकट की स्थिति में जनता और किसानों को कम से कम परेशानी का सामना करना पड़े। प्रदेश में इस वर्ष कमजोर मानसून की आशंका ने सरकार की चिंता बढ़ा दी है।

### शहरों, कस्बों और गांवों की पेयजल आपूर्ति प्रभावित नहीं होने दी जाएगी

- भारतीय मौसम विभाग द्वारा अल नीनो प्रभाव के चलते सामान्य से कम वर्षा की संभावना जताए जाने के बाद मध्य प्रदेश सरकार ने बड़े बांधों के जल प्रबंधन को लेकर व्यापक रणनीति तैयार कर ली है। सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले महीनों में प्रदेश के प्रमुख जलाशयों से पानी का उपयोग तय प्राथमिकताओं के अनुसार ही होगा। सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में शहरों, कस्बों और गांवों की पेयजल आपूर्ति प्रभावित नहीं होने दी जाएगी।
- जलाशयों में उपलब्ध पानी का सबसे बड़ा हिस्सा पेयजल के लिए सुरक्षित रखा जाएगा। इसके बाद सिंचाई परियोजनाओं के माध्यम से किसानों को फसलों के लिए पानी उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि खरीफ और रबी दोनों मौसम में उत्पादन प्रभावित न हो। जलविद्युत परियोजनाओं के लिए पानी का उपयोग तभी किया जाएगा, जब पेयजल और सिंचाई की आवश्यकताएं पूरी हो जाएंगी।

## मुंबई में पटरी पर लैंडस्लाइड, 20 ट्रेनें कैंसिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र में लगातार बारिश से मुंबई-पुणे रेल रूट पर सोमवार सुबह करजात-लोनावला के भोर घाट सेक्शन में दो जगह लैंडस्लाइड हो गई। तीनों रेलवे लाइनें प्रभावित हो गईं। 20 ट्रेनों को कैंसिल करना पड़ा। उधर मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर भी लैंडस्लाइड होने से रास्ता बंद हो गया।

# सिंगरौली में आंधी से गिरी दीवार, बच्ची की मौत

### पांढुर्णा में बिजली गिरने से महिला की गई जान, भोपाल समेत 7 जिलो में गिरा पानी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल



मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। रविवार को सिंगरौली में रविवार को आंधी से कच्ची दीवार गिर गई। मलबे में 3 बच्चे दब गए। इनमें 9 वर्षीय बच्ची कल्पना साकेत की मौत हो गई, जबकि ललन और 6 वर्षीय रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गए।

इसके साथ ही पांढुर्णा के सीतापार के पगड़ी गांव में बिजली गिरने से 48 वर्षीय सुलोचना तड़ाम की मौत हो गई। भोपाल, नरसिंहपुर, विदिशा, टीकमगढ़, मुरैना समेत कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। वहीं, सीहोर में घने काले बादलों के कारण दिन में ही अंधेरे जैसे हालात बन गए। वहीं, मंदसौर में इस मानसून सीजन में अब तक 6.04 इंच बारिश दर्ज की गई। शाजापुर में सबसे ज्यादा 28 मिमी बारिश हुई। बारिश के बाद कालीसिंध नदी उफान पर है।

# 'क्षिप्रा नहीं, शिप्रा कहिए' : मुख्यमंत्री मोहन यादव

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल में सिंहस्थ और नर्मदा परियोजना की समीक्षा बैठक के दौरान सीएम मोहन यादव ने शिप्रा नदी के नाम को लेकर अधिकारियों की प्रस्तुति में सुधार कराया। उन्होंने कहा कि नदी का मूल और प्रामाणिक नाम 'शिप्रा' है तथा सरकारी अभिलेखों में इसी नाम का उपयोग किया जाना चाहिए।

सीएम मोहन यादव ने नर्मदा नदी परियोजना और सिंहस्थ की तैयारियों की समीक्षा बैठक के दौरान शिप्रा नदी के नाम को लेकर अधिकारियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। प्रस्तुतीकरण में नदी का नाम क्षिप्रा लिखा गया था, जिसे देखते ही मुख्यमंत्री ने आपत्ति जताते हुए कहा कि नदी का वास्तविक और प्रामाणिक नाम शिप्रा है और सरकारी दस्तावेजों में इसी नाम का उपयोग किया जाना चाहिए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का हवाला देते हुए बताया कि कई स्रोतों में नदी का नाम क्षिप्रा भी दर्ज है। इस पर सीएम ने अधिकारियों से कहा कि केवल एआई या इंटरनेट पर निर्भर रहने के बजाय महाकवि कालिदास के 'मेघदूतम्' और वैदिक ग्रंथों का भी अध्ययन किया जाए, जहां नदी के मूल नाम का उल्लेख मिलता है।

# सिया ने केतन का मर्डर करने राजा रघुवंशी केस पढ़ा

### मोबाइल हिस्ट्री से पता चला, यह भी पूछा- क्या कस्टडी में महिला से मारपीट होती है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पुणे







पुणे के केतन अग्रवाल हत्याकांड की मुख्य आरोपी सिया गोयल ने वारदात से पहले इंदौर के राजा रघुवंशी हत्याकांड की जानकारी जुटाई थी। पुलिस के मुताबिक सिया ने इंटरनेट पर यह भी सर्च किया था कि क्या पुलिस कस्टडी में महिलाओं के साथ मारपीट होती है। यह पूरी जानकारी सिया के दोनों मोबाइल की सर्च हिस्ट्री से मिली।

पुलिस 2 दिन पहले सिया को उसके घर लेकर गई थी, जहां उसके बेडरूम से दूसरा मोबाइल भी जब्त किया है। घटना वाले दिन के कुछ चश्मदीद भी मिले हैं, जिनके बयान जांच को और मजबूत कर रहे हैं। 18 जून को सिया और चेतन ने केतन को पुणे के लोहगढ़ किले से 400 फीट गहरी खाई में धक्का दे दिया था। फिलहाल दोनों 16 जुलाई तक येरवदा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं।

**सिया के पिता बोले- चोट दिखा रही थी, अश्लील इशारा नहीं था-** सिया गोयल के पिता ने उन दावों को खारिज कर दिया है कि उसने मीडिया की ओर कोई अश्लील इशारा किया था। उनका कहना है कि वायरल वीडियो का गलत मतलब निकाला गया। उनके मुताबिक, कानूनी औपचारिकताओं के लिए पुलिस जब सिया को घर ला रही थी, तब कार का दरवाजा बंद होने से उसकी दो उंगलियों में चोट लग गई थी। सिया वही चोट दिखा रही थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि उस समय मौजूद पुलिसकर्मियों से इन चोटों की पुष्टि की जा सकती है। यह विवाद एक वायरल वीडियो से शुरू हुआ, जिसमें पुलिस की हिरासत में ले जाते समय सिया आपत्तिजनक इशारा करती हुई दिखाई दी।

### 19 दिन में घटना को अंजाम

**31 मईः सिया को केतन की हत्या का प्लान सूझाः** 11 फरवरी को सगाई के बाद केतन, सिया को घर लेकर आता था, साथ घुमाने ले जाता था। उसे ट्रैकिंग यानी पहाड़ी चढ़ने का शौक था। उसने सिया से ट्रैकिंग के लिए लोहगढ़ किले चलने को कहा। यहीं सिया को केतन की हत्या का प्लान सूझा।

**5 जूनः किले पर जाने की जिद की, केतन नहीं गयाः** सिया ने 4 जून को केतन से दोबारा लोहगढ़ फोर्ट जाने की जिद की। केतन नहीं माना। 6 जून को केतन, उनकी बहन, एक दोस्त और सिया के इंडोनेशिया के बाली जाने के टिकट बुक थे। पुणे पुलिस के मुताबिक बाली न जाना पड़े, इसलिए सिया ने केतन का पासपोर्ट छिपा लिया।

**14 जूनः पहली कोशिश, धक्का दिया, लेकिन केतन बच गयाः** सिया ने केतन से दोबारा किले पर चलने को कहा। पुलिस के मुताबिक 14 जून को दोनों लोहगढ़ पहुंचे। सिया ने केतन को धक्का दिया, लेकिन पेड़ का सहारा मिलने से केतन बच गया। उसने पूछा- धक्का क्यों दिया? सिया ने कहा, एक सांप था, तुम्हें उससे बचाने के लिए धक्का दिया। केतन ने घर आकर सबको बताया कि सिया की वजह से उसकी जान बच गई।

**18 जूनः दूसरी कोशिश में बॉयफ्रेंड के साथ मिलकर धक्का दियाः** 19 जून को सिया का जन्मदिन मनाने के लिए केतन ने महाबलेश्वर में एक लग्जरी रिजॉर्ट बुक किया था। सिया ने उससे पहले केतन को प्री-वेडिंग फोटोशूट की बात कहकर लोहगढ़ किले पर जाने के लिए मना लिया। इस बार पीछे-पीछे चेतन भी आया। एक जगह जब केतन पहाड़ियों की तरफ देख रहा था, तभी दोनों ने उसे पीछे से धक्का दे दिया।



## खबर एक नजर...

### रोटरी क्लब ने पौधारोपण कर किया नए रोटरी वर्ष 2026-27 का आगाज

**उज्जैन।** रोटरी क्लब उज्जैन ने रविवार 5 जुलाई को बड़नगर रोड स्थित अर्जी वाले हनुमान मंदिर पर वसुंधरा हरियाली संस्था के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इसी के साथ क्लब के नए रोटरी वर्ष 2026-27 की शुरूआत की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में आम, जामुन एवं रुद्राक्ष के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में आश्रम के महामंडलेश्वर श्री प्रेमानंद पुरी स्वामी महाराज और महामंडलेश्वर आनंदी जी का सान्निध्य मिला। सभी उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण और भविष्य में भी निरंतर पौधारोपण करने का संकल्प लिया। आयोजन में रोटेरियन केके पवार एवं अजय शर्मा की सक्रिय सहभागिता रही। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष डॉ. केतन सिलवरिया, सचिव सुरेश शर्मा, तत्कालीन अध्यक्ष व उज्जैन श्री परशुराम कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर चंद्र दुबे, पूर्व मंडलाध्यक्ष रवि लंगर, पूर्व सचिव उरूसा हाशमी, अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र चतुर्वेदी और पंडित योगेश शुक्ला उपस्थित थे। इनके अलावा रोटेरियन मुकेश जौहरी, धीरिश पारिख, शाहिद हाशमी, डॉ. अनूप निगम, डॉ. विमल गर्ग, हरिहर शर्मा, जाग्रति शर्मा, स्वाति तैलंग सहित वसुंधरा हरियाली और पर्यावरण प्रेमी संस्था के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### लायंस क्लब उज्जयिनी ने शलाका वाटिका में लगाए 50 पौधे

**उज्जैन।** लायंस क्लब उज्जयिनी द्वारा नए सत्र की प्रथम पर्यावरण संरक्षण सेवा गतिविधि के तहत 5 जुलाई को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय परिसर स्थित शलाका वाटिका में 50 पौधे रोपे गए। यह आयोजन क्लब अध्यक्ष लायन अरविंद गुमास्ते द्वारा अपने पिता स्वर्गीय माधव राव जी गुमास्ते की पावन स्मृति में वृक्ष मित्र लायन अजय भातखंडे के सहयोग से प्रायोजित किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन अरविंद गुमास्ते ने कहा कि पौधरोपण एक अत्यंत पुनीत कार्य है। वर्तमान और भावी पीढ़ी के स्वस्थ जीवन के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना तथा उनका संरक्षण करना आज की महती आवश्यकता है। उन्होंने सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि वे भी अपने जन्मदिवस, माता-पिता या पूर्वजों की स्मृति में क्लब के माध्यम से पौधरोपण अवश्य करें। इस अवसर पर जोन चेयरपर्सन लायन शिव बंसल, कोषाध्यक्ष लायन विजय श्रीवास्तव और सह-कोषाध्यक्ष लायन इंजीनियर राजेंद्र गुप्ता विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही वरिष्ठ लायन सदस्य राजेंद्र सिरोलिया, रवींद्र पेंढारकर, डॉ. विजय गर्ग और वृक्ष मित्र परिवार के सदस्य भी उपस्थित थे।

### पंडवानी लोक गायिका तीजन बाई के निधन पर समाजसेवियों ने जताई शोक संवेदना

**उज्जैन।** प्रसिद्ध पंडवानी लोक गायिका और देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से सम्मानित तीजन बाई का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन की खबर से देश भर में कला प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई है। तीजन बाई के निधन पर समाजसेवी मिलिंद पन्हाल्कर ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने तीजन बाई के साथ अपने जुड़ाव को याद किया और बताया कि उन्हें पूर्व में तीजन बाई से भोपाल में मध्य प्रदेश पर्यटन होटल में मुलाकात कर उनका ऑटोग्राफ लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। पन्हाल्कर ने कहा कि पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित तीजन बाई का जाना कला जगत के लिए एक अपूरणीय क्षति है।

### विवेकानंद कॉलोनी में आरएसएस ने रोपे एलोवेरा के पौधे

**उज्जैन।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखा द्वारा रविवार को विवेकानंद बस्ती (कॉलोनी) में औषधीय पौधों का रोपण किया गया। पर्यावरण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से स्वयंसेवकों ने क्षेत्र में एलोवेरा के 25 से 30 पौधे रोपे।

समाजसेवी मिलिंद पन्हालकर ने बताया कि हरियाली को बढ़ावा देने के लिए इस अवसर पर प्रकृति प्रेमियों के लिए निःशुल्क पौधों की व्यवस्था भी की गई है। क्षेत्र के नवनीत मालकर के माध्यम से विवेकानंद कॉलोनी से जामुन के पौधे निःशुल्क प्राप्त किए जा सकते हैं। पौधरोपण कार्यक्रम में संघ के स्वयंसेवकों और क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान मुख्य रूप से कवलजीत ठकराल, मिलिंद पन्हाल्कर, राजेंद्र रघुवंशी, आर.एल. वर्मा, भूषण अग्रवाल, दत्तात्रय आप्टे, धीरज चौधरी, श्रीपाद भाटवडेकर, नवनीत मालकर, रामगोपाल भार्गव, नारायण सिंह शक्तावत, नरेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा और प्रेमनारायण उदेनिया उपस्थित रहे।

### लाल सिंह आर्य का उज्जैन में भव्य स्वागत

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज केरो के उज्जैन आगमन पर भाजपा लोक शक्ति कार्यालय में भव्य स्वागत, वंदन एवं अभिनंदन किया गया। नगर जिला अध्यक्ष जितेंद्र भाटी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया।

# उज्जैन में बारिश का 30 प्रतिशत कोटा पूरा, शिप्रा का जलस्तर बढ़ा;

## 52 कुंड पर निखरा प्रकृति का सौंदर्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



वषार्काल में मेघ इस बार उज्जैन शहर पर मेहरबान नजर आ रहा है। गुरुवार शाम हुई जोरदार बरसात ने एक ओर जहां शहरवासियों को उमस और गर्मी से राहत दी, वहीं शिप्रा नदी का जलस्तर भी बढ़ गया। अच्छी बरसात से कालियादेह पैलेस के समीप स्थित प्रसिद्ध 52 कुंड का मनोहारी प्राकृतिक दृश्य भी जीवंत हो उठा। रात हुई अच्छी बरसात से शिप्रा नदी का जलस्तर बढ़ गया है। पानी रामघाट पर मंदिरों तक पहुंच गया है।

हरियाली और बहते पानी के बीच कालियादेह का प्राकृतिक सौंदर्य ऐसा निखरा कि यह स्थान एक बार फिर प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों की पहली पसंद बन गया। बरसात के बाद 52 कुंड में बहते पानी की धाराएं और शिप्रा का बढ़ा प्रवाह लोगों को आकर्षित करता रहा।

मालूम हो कि वषार्काल के दौरान कालियादेह पैलेस का यह क्षेत्र शहर की सबसे सुंदर आउटिंग लोकेशनों में शामिल हो जाता है। यहां प्राचीन स्थापत्य, नदी और हरियाली का अनूठा संगम देखने को मिलता है। कई लोग शाम को यहां पहुंचकर प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते नजर आए।

जीवाजी वेधशाला के अनुसार इस सीजन में अब तक उज्जैन शहर में 295 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है। यह पूरे सीजन की औसत 906 मिलीमीटर वर्षा का 30 प्रतिशत से अधिक है। यानी वषार्काल के शुरूआती एक महीने में ही बारिश ने अपने कोटे का लगभग एक-तिहाई हिस्सा पूरा कर लिया है। लगातार बारिश का असर मौसम पर भी दिखाई दिया है।

### तापमान में भी गिरावट

बीते 24 घंटे में दिन का अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री सेल्सियस से घटकर 31.7 डिग्री और रात का न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री से लुढ़ककर 23 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली है और वातावरण में ठंडक घुल गई है। पूरे जिले की बात करें तो इस सीजन में अब तक 116 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में हुई 137 मिलीमीटर वर्षा से कम है।

## गौ माता की मृत्यु के बाद भी मिले सम्मान, समाधि व्यवस्था लागू करने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन द्वारा गौ माता के मृत शरीर को सम्मानपूर्वक समाधि देने की व्यवस्था लागू करने की मांग को लेकर काल भैरव घाट स्थित श्री बमबम भूतेश्वर महादेव मंदिर में गौ पूजन एवं 24 घंटे के अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ जी महाराज के नेतृत्व में गौ माता का विधि-विधान से पूजन किया गया। इस दौरान गौ माता के सम्मान और उनके मृत शरीर को उचित स्थान पर समाधि देने की व्यवस्था के लिए सरकार को सद्बुद्धि देने की भगवान से प्रार्थना की गई। संगठन के कोषाध्यक्ष आदर्श सिंह तोमर ने बताया कि देशभर में कई संस्थाएं गौ सेवा और गौ रक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं, लेकिन अक्सर देखने में आता है कि गौ माता की मृत्यु के बाद उनके शव को उचित सम्मान नहीं मिल पाता और उन्हें असम्मानजनक तरीके से छोड़ दिया जाता है। इसी समस्या को देखते हुए श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन ने संकल्प लिया है कि क्षेत्र में जहां भी गौ माता की मृत्यु होगी, संगठन द्वारा उन्हें सम्मानपूर्वक समाधि दी जाएगी। साथ ही सरकार से भी मांग की जा रही है कि गौ माता के मृत शरीर की सम्मानजनक समाधि के लिए नियम बनाया जाए और इसे पूरे भारत में लागू किया जाए। राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी विष्णु नाथ जी महाराज ने कहा कि सनातन संस्कृति में गौ माता का विशेष महत्व है। गौ माता की सेवा और रक्षा के साथ-साथ मृत्यु के बाद भी उनका सम्मान करना आवश्यक है। सरकार से मांग की कि गौ माता की समाधि व्यवस्था को लेकर जल्द निर्णय लिया जाए। संगठन ने चेतावनी दी है कि मांग पूरी नहीं होने पर आने वाले दिनों में गुरु पूर्णिमा के दूसरे दिन रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

# सिंहस्थ 2028 के लिए अर्जी वाले हनुमान मंदिर में रोपे गए 2000 फलदार और देव वृक्ष

### महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी महाराज के सानिध्य में हुआ आयोजन, आम जामुन और रुद्राक्ष सहित कई पौधे लगाए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



बड़नगर रोड स्थित अर्जी वाले हनुमान मंदिर में रविवार को वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। आगामी सिंहस्थ 2028 में देश भर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में 2000 फलदार और देव वृक्षों का रोपण हुआ। यह आयोजन निरंजनी अखाड़े के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ।

इस महाभियान का मुख्य उद्देश्य सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं को ताजे फल और प्राकृतिक छाया उपलब्ध कराना है। रोपे गए पौधों में मुख्य रूप से आम, जामुन, चीकू, आंवला, पीपल और रुद्राक्ष शामिल हैं। पर्यावरण संरक्षण और श्रद्धालुओं की सेवा के लिए पिछले वर्ष भी मंदिर परिसर में एक हजार फलदार पौधे लगाए गए थे, जो अब पेड़ का रूप लेकर फल देने लगे हैं। दर्शनार्थी इन फलों का रसस्वादन कर रहे हैं। रविवार को लगाए गए नए पौधे भी आगामी सिंहस्थ तक पूरी तरह फल देने के लिए तैयार हो जाएंगे।

अर्जी वाले हनुमान मंदिर की श्रद्धालुओं में गहरी आस्था है। यहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु अपनी लिखित अर्जी लेकर पहुंचते हैं और भगवान के समक्ष अपनी मनोकामनाएं रखते हैं। मान्यता है कि यहां लगाई गई अर्जी जरूर पूरी होती है और मुराद पूरी होने पर श्रद्धालु यहां भंडारे सहित अन्य धार्मिक आयोजन करते हैं।

पौधरोपण कार्यक्रम में महामंडलेश्वर गुरु मां आनंदमयी पुरी, प्रणेश शुक्ला, पवार जी, निलेश पांचाल, टीना झाला, पंकज जायसवाल, रोहन पंडित, प्रिया पांडे, नैना मेवाड़ा, जितेन्द्र त्रिपाठी, भावना बैरागी, नंदनी बैरागी, महेंद्र चौधरी, दिशा बजाज, मोहन आंजना और भाविका सोनी उपस्थित रहे। आयोजन में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं का भी सहयोग रहा। इनमें वसुंधरा हरियाली महोत्सव समिति उज्जैन के केके पंवार, अजय शर्मा, रवि लंगर, गौरव मालपानी, ईश्वर चंद गुप्ता और डॉ. केतन सिल्वाडिया शामिल हुए। इसके अलावा पर्यावरण प्रेमी परिवार, रोटरी क्लब उज्जैन और उज्जैन पर्यावरण समिति के डॉ. विमल गर्ग व उनकी पत्नी मिथिलेश गर्ग ने भी अपना विशेष योगदान दिया।

## भाविप विक्रमादित्य ने स्थापना दिवस पर किया पौधरोपण, लिया संरक्षण का संकल्प

### मातृशक्ति ने बसंत विहार में लगाए देववृक्ष, 'एक पेड़ मां के नाम' का दिया संदेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



भारत विकास परिषद विक्रमादित्य के स्थापना दिवस पर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को साकार करते हुए मातृशक्ति द्वारा बसंत विहार कॉलोनी के बगीचे में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। 'एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ धरती के नाम' संदेश के तहत हुए इस आयोजन में सदस्यों ने सपरिवार भागीदारी कर धरती को हरा-भरा रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पीपल, नीम और बरगद जैसे देववृक्षों सहित विभिन्न औषधीय, छायादार व फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती शुभम, डॉ. राहुल नागर और गायत्री पाटीदार ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रकृति की रक्षा ही सच्ची राष्ट्रभक्ति है। कार्यक्रम संयोजिका सरिता पाटीदार, उषा शर्मा और विद्या पाठक ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष स्थापना दिवस पर बड़े स्तर पर पौधरोपण किया जाता है।

# सेवा से मुस्कान लाना ही सच्चा लायनवाद- शशांक दुबे

### शपथ ग्रहण समारोह संपन्न, पंकज भटनागर सचिव और धर्मेंद्र परिहार ने ली कोषाध्यक्ष पद की शपथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शशांक दुबे को लायंस क्लब ऑफ अवंतिका का नया अध्यक्ष चुना गया है। समारोह में बैतूल से आए एमजेएफ लायन परमजीत सिंह बग्गा और एमजेएफ लायन रवींद्र कौर बग्गा ने नवीन कार्यकारिणी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यकारिणी में शशांक दुबे ने अध्यक्ष, पंकज भटनागर ने सचिव, धर्मेंद्र परिहार ने कोषाध्यक्ष और शरद शर्मा ने उपाध्यक्ष पद की शपथ ली।

पदभार ग्रहण करने के बाद अपने प्रथम अध्यक्षीय उद्बोधन में शशांक दुबे ने कहा कि लोग आपको इस बात के लिए याद नहीं रखते कि आपने उनसे क्या कहा या क्या किया, बल्कि वे इस बात के लिए याद रखते हैं कि आपने उन्हें कैसा महसूस कराया। सच्ची सेवा के माध्यम से किसी जरूरतमंद के चेहरे पर मुस्कान लाना ही वास्तविक लायनवाद है। समारोह की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष रवि श्रीमाली ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रीजन चेयरपर्सन दिनेश राठौड़, जोन चेयरपर्सन दीपक दास, लायंस ऑफ उज्जैन गौतम शर्मा, चार्टर अध्यक्ष प्रफुल्ल जैन और सुशील पोरवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ सदस्यों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर क्लब के विभिन्न सदस्यों को उनके विशेष सेवा कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में वरिष्ठ लायन सदस्य गोविंद गोयल, बीके खंडेलवाल, अजय जैन, डॉ. विजय गर्ग, गुलशन नाटाणी, राकेश बिंदल, शैलेंद्र राठी और डॉ. दीपक जैन शामिल रहे। संचालन कवि अशोक भाटी ने किया तथा आभार नवनिर्वाचित सचिव पंकज भटनागर ने माना।

# संस्था ने 4 साल पहले रोपे थे बीज, अब बेलपत्र के पौधों का मनाएंगे जन्मदिन

### हिरदेश्वर महादेव मंदिर में 7 जुलाई को होगा आयोजन, शिव मंदिरों के परिसर में भी रोपे जाएंगे पौधे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



पूज्य श्री गोपाल राव सोनोने सेवाश्रम के तत्वावधान में 7 जुलाई को बेलपत्र के पौधों का चौथा जन्मदिवस मनाया जाएगा। यह आयोजन पंचकोशी यात्रा के प्रथम व अंतिम पड़ाव स्थल हीरा मिल परिसर स्थित हिरदेश्वर महादेव मंदिर, जीरो पॉइंट ब्रिज के पास होगा। इस अवसर पर चार वर्ष पूर्व संस्था द्वारा रोपे गए बीजों से तैयार पौधों को विभिन्न शिव मंदिरों के परिसर में रोपा जाएगा।

संस्था के संस्थापक महेश सोनोने ने बताया कि विगत 25 वर्षों से बीज रोपण कर पौधे तैयार करने का सेवा कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में वर्ष 2022 में बेलपत्र के 101 बीज रोपे गए थे, जिनका 7 जुलाई को चौथा जन्मदिवस मनेगा। इस वर्ष बेलपत्र के 101, करंज के लगभग 200 और अशोक के 51 बीजों का रोपण भी किया जाएगा। वृक्षारोपण का यह अभियान सितंबर माह तक निरंतर जारी रहेगा। संस्था अध्यक्ष प्रेम नारायण टाटावत ने बताया कि इस दिन संस्थापक महेश सोनोने का भी जन्मदिन मनाया जाएगा। जो भी श्रद्धालु अपने क्षेत्र में बेलपत्र के पौधे लगाना चाहते हैं, वे संस्था से संपर्क कर पौधे प्राप्त कर सकते हैं।

संस्था संचालिका श्रीमती सुनीता सोनोने ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे हिरदेश्वर महादेव जी के पूजन-अर्चन के साथ होगा। पूजन विधि पंडित संतोष शर्मा संपन्न कराएंगे। इसके पश्चात सुबह 10 बजे से बीज रोपण और 10:30 बजे से पौधरोपण किया जाएगा।

### इन्होंने की सफल बनाने की अपील

कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील गोपाल बागलवाल, मनोहर परमार, अशोक कपूर, अनुज शर्मा, मूलचंद राठौर, महेंद्र रामी, बाबूलाल मारोठिया और महिला मंडल की श्रीमती गीताबेन रामी, लक्ष्मी लश्करी, सविता शर्मा, राजू बागरवाल, रेखा टाटावत, कविता राय, पिंकी यादव आदि ने की है।

# युवा संसद में युवाओं ने सीखे लोकतंत्र एवं संसद की कार्यप्रणाली के गुर

### दो दिवसीय युवा संसद का हुआ समापन, उत्कृष्ट प्रतिभागियों का सम्मान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



रिंग रोड स्थित एक निजी होटल में आयोजित दो दिवसीय युवा संसद का सफल समापन हुआ। 'आइडियल की मगर' संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक मूल्यों, भारतीय राजनीति, संविधान, मौलिक अधिकारों एवं प्रभावी संवाद कौशल के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न शहरों से आए छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। समापन समारोह में विभिन्न सत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

अतिथियों ने युवाओं की तार्किक सोच, शोध क्षमता और प्रभावी अभिव्यक्ति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को समझने और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। संस्था के रक्षित पाठक एवं कनक पाटीदार ने बताया कि दो दिनों तक चले इस आयोजन में विद्यार्थियों को भारतीय राजनीति, संविधान, मौलिक अधिकारों और संसद की कार्यप्रणाली की विस्तृत जानकारी दी गई। लोकसभा में विधेयक किस प्रकार प्रस्तुत और पारित किए जाते हैं तथा सरकार किस तरह बजट के माध्यम से विकास कार्यों को गति देती है। इसी क्रम में आगामी सिंहस्थ-2028 की तैयारियों, बजट और उससे होने वाले विकास कार्यों पर भी विद्यार्थियों के साथ चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जूना अखाड़ा के महामण्डलेश्वर स्वामी शैलेशानंद गिरि जी महाराज उपस्थित थे।कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक प्रतिभागी को अपने विचार खुलकर रखने का अवसर दिया गया।विद्यार्थियों ने विभिन्न सामाजिक, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विषयों पर अपने तर्क प्रस्तुत किए, जिन पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन भी दिया गया। कार्यक्रम में लोकसभा, यूएनएचआरसी, महाभारत एवं एक्सप्रेस कमेटी जैसे विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। इनमें प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय और स्थानीय मुद्दों पर शोध आधारित चर्चा की। स्थानीय समिति में सिंहस्थ-2028 के बजट और उसके आर्थिक प्रभाव पर मंथन हुआ, जबकि लोकसभा समिति में यूजीसी एक्ट सहित समसामयिक विषयों पर गंभीर बहस हुई। प्रतिभागियों के मार्गदर्शन के लिए विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी विशेषज्ञों को मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया था। समापन समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि आज के समय में युवाओं के लिए राजनीति, लोकतंत्र और अपने मौलिक अधिकारों की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे इस कार्यक्रम से प्राप्त अनुभव और ज्ञान को अपने मित्रों एवं अन्य युवाओं तक भी पहुंचाएं, ताकि अधिक से अधिक युवा लोकतांत्रिक व्यवस्था और राष्ट्र निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभा सकें।

## कार्रवाई न होने पर हनुमान चालीसा का पाठ कर जताया विरोध

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अयोध्या के राम मंदिर में 500 करोड़ रुपये की कथित चोरी और उज्जैन के महाकाल व कालभैरव मंदिर में चल रही अवैध वसूली के विरोध में जिला युवा कांग्रेस ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। उज्जैन जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव के नेतृत्व में कार्यकताओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ किया और दोषियों पर जल्द कार्रवाई की मांग की। युवा कांग्रेस अध्यक्ष अर्पित यादव ने आरोप लगाया कि खुद को सनातन धर्म की पार्टी बताने वाली भाजपा के राज में उज्जैन से लेकर अयोध्या तक मंदिरों में भ्रष्टाचार हो रहा है। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर और कालभैरव मंदिर में दर्शनार्थियों से 250 से 500 रुपये तक की अवैध वसूली की जा रही है। मंदिरों में इस तरह की वसूली को एक व्यापार का रूप दे दिया गया है, जिससे आम लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। यादव ने कहा कि राम मंदिर में हुई चोरी के मामले में प्रधानमंत्री और अयोध्या प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसी के विरोध में युवा कांग्रेस ने हनुमान चालीसा का पाठ किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उज्जैन के मुख्य मंदिरों में यह अवैध वसूली तत्काल बंद नहीं हुई और दोषियों को सजा नहीं मिली, तो इस आंदोलन को मध्य प्रदेश स्तर तक ले जाया जाएगा। आने वाले दिनों में युवा कांग्रेस द्वारा कलेक्टर कार्यालय और मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जाएगा।

उज्जैन
सोमवार
06
जुलाई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दर्शने स्पर्शणे वापि, श्रवणे भाषणेऽपि वा।
यत्र द्रवत्यन्तरङ्गं स, स्नेह इति कथ्यते।।

**अर्थः** अगर किसी को देखने, छूने, सुनने और बात करने से दिल खुश हो जाता है, तो वह प्यार है।

## खबर एक नजर...

### भगवान जगन्नाथ को तेज बुखार, जड़ी-बूटियों का लेप लगा रहे, काढ़ा पिला रहे



**इंदौर।** इस्कॉन मंदिर में इन दिनों भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा के गर्भगृह के पट बंद हैं। श्रद्धालु भगवान के दर्शन नहीं कर सकते हैं। गर्भगृह में केवल पुजारियों को ही प्रवेश की अनुमति है। स्नान पूर्णिमा के बाद शुरू हुए अनसर काल में भगवान को अस्वस्थ माना जाता है। इसलिए नियमित राजभोग और भव्य शृंगार के स्थान पर भगवान को जड़ी-बूटियों का लेप लगाया जा रहा है। तुलसी, सोंठ, अदरक, काली मिर्च, लौंग, दालचीनी, शहद सहित औषधीय द्रव्यों से तैयार काढ़ा अर्पित किया जा रहा है। भोग में खिचड़ी, और हल्का सात्विक आहार दे रहे हैं। थमार्मीटर से प्रभु का ज्वर माप रहे हैं। स्वास्थ्य लाभ के बाद 19 जुलाई को निकलने वाली रथयात्रा में भगवान श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष महामन दास कहते हैं, यह परंपरा श्री जगन्नाथ पुरी की सदियों पुरानी सेवा-पद्धति का हिस्सा है। स्नान पूर्णिमा पर भगवान का 108 पवित्र तीर्थों के जल और विभिन्न औषधीय द्रव्यों से महाअभिषेक किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार महाअभिषेक के बाद भगवान को ज्वर आता है। इसके चलते करीब 15 दिन तक उन्हें विश्राम दिया जाता है। इस अवधि में सार्वजनिक दर्शन पूरी तरह बंद रहते हैं।

### सीवर में दम घुटने से दो मौत:अब तक तय नहीं हो सकी किसी की जिम्मेदारी

**इंदौर।** चोइथराम मंडी चौराहे पर 2 मार्च को सीवर के चैंबर में दम घुटने से हुई दो सफाईकर्मियों की मौत के मामले में अब तक किसी की जिम्मेदारी तय नहीं हुई है। मामले में पुलिस ने चार महीने बाद जिम्मेदारों को अज्ञात बताकर धारा 106(1) बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के 2014 के सफाई कर्मचारी आंदोलन वर्सेस यूनियन ऑफ इंडिया 2014 के फैसले के निर्देशों के पालन में की गई है। राजेंद्र नगर पुलिस की जांच के अनुसार, 2 मार्च को निगम के आउटसोर्स कर्मचारी करण यादव (26) और अजय डोडिए (35) मंडी क्षेत्र में सीवर लाइन का पानी निकालने का काम कर रहे थे। इसी दौरान पाइप चैंबर में गिर गया। पाइप निकालने के लिए पहले करण चैंबर में उतरा और जहरीली गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गया था। उसे बचाने के लिए अजय भी चैंबर में उतरा, लेकिन वह भी जहरीली गैस का शिकार हो गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्हीं के साथ ड्राइवर अकबर दोनों को बचाने के लिए चैंबर में उतरा और बेहोश हो गया था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में डॉक्टर ने दोनों की मौत का कारण ्रएंटीमॉर्टम डूबनाह्र बताया। जांच के लिए दोनों का विसरा एफएसएल तथा एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेजे गए।

### निगम कमिश्नर ने जलूद में कामों को किया चेक

**इंदौर।** जलूद में चल रहे कामों को देखने के लिए रविवार को नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल जलूद पहुंचे। यहां उन्होंने नर्मदा फेस 4 अमृत 2 परियोजना के अंतर्गत 1650 एमएलडी निमार्णाधीन इंटेक वेल और 180 एमएलडी फेज-1 और फेज-2 इंटेकवेल परियोजनाओं का दौरा किया। नगर निगम कमिश्नर ने बाकी खुदाई कामों में तेजी लाने के लिए एक्स्ट्रा मशीनरी और संसाधनों को तत्काल मोबिलाइजेशन करने और परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने के लिए कहा। इसके बाद रॉ वाटर मेन पंपिंग मेन पाइपलाइन निर्माण काम को भी देखा। उन्होंने यहां पर सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने और निर्माण की उच्च क्वालिटी बनाए रखने व काम में ज्यादा तेजी लाने को कहा है। निगम कमिश्नर ने बताया कि जनहित से जुड़ी इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और समन्वित रूप से पूरा करना नगर निगम की प्राथमिकता है।

### प्रदूषण बना फेफड़ों का सबसे बड़ा दुश्मन

**इंदौर।** तेजी से बढ़ता वायु प्रदूषण आने वाले समय में देश के लिए सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में से एक बन सकता है। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो श्वसन संबंधी बीमारियों का बोझ लगातार बढ़ेगा। यह चिंता इंदौर में आयोजित चौथी ब्रोंकोपल्मोनरी वर्ल्ड कांग्रेस-2026 के दौरान देश-विदेश के एक्सपर्टस ने व्यक्त की। तीन दिनी इंटर नेशनल का रविवार को समापन हुआ। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में भारत सहित अमेरिका, ब्रिटेन, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश और मालदीव के विशेषज्ञों ने भाग लिया। कॉन्फ्रेंस में 750 से अधिक चिकित्सकों, पल्मोनोलॉजिस्ट, थोरासिक सर्जनों, क्रिटिकल केयर विशेषज्ञों और शोधकताओं ने फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों, उनके उपचार और रोकथाम पर अपने अनुभव साझा किए। कांग्रेस के ऑगेर्नाइजिंग सेक्रेटरी प्रो. डॉ. रवि डोसी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में फेफड़ों की कई जटिल और कभी लगभग लाइलाज मानी जाने वाली बीमारियों के उपचार में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

भक्तों को दर्शन करने में होगी आसानी, सिंहस्थ को देखते हुए किया जा रहा विकास काम

# खजराना गणेश का सभामंडप हो रहा डेढ़ फीट नीचे

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

लाखों भक्तों की आस्था का केंद्र खजराना गणेश मंदिर में आगामी सिंहस्थ को देखते हुए विकास काम किए जा रहे हैं। भगवान गणेश के गर्भगृह का गेट चौड़ा का काम हो चुका है अब सभामंडप का काम किया जा रहा है।

गर्भगृह के बाहर बने सभामंडप को करीब डेढ़ फीट नीचे किया जा रहा है। इससे लाइन में आने वाले भक्तों को दर्शन करने में आसानी होगी और किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। यहां दर्शन हॉल का काम भी यहां किया जाना है। बता दे कि मंदिर का मास्टर प्लान तैयार किया गया है, जिसमें इसके अलावा भी कई काम होना है। शुरूआत में मंदिर के गर्भगृह को चौड़ा करने का काम किया जा रहा है। इससे भक्तों को दर्शन करने में सुविधा मिलेगी।



#### सभामंडप को किया जा रहा नीचे

- मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित अशोक भट्ट ने बताया कि गर्भगृह के बाहर बने सभामंडप को नीचे किया जा रहा है। ये काम भी शुरू हो गया है। सभामंडप को करीब डेढ़ फीट नीचे किया जा रहा है। दरअसल, अभी सभामंडप में वीआईपी लोग, नए दूल्हा-दुल्हन आदि पूजन करने आते हैं।
- इस वजह से पीछे लाइन में आने वाले भक्तों को भगवान के दर्शन करने में दिक्कत होती थी। इसे देखते हुए सभामंडप को डेढ़ फीट नीचे किया जा रहा है, जिससे लाइन में आने वाले भक्तों को दर्शन करने में परेशानी नहीं होगी और वे आसानी से दर्शन कर सकेंगे।

#### बड़ी संख्या में भक्तों के आने का अनुमान

- इधर, अनुमान है कि सिंहस्थ के दौरान बड़ी संख्या में भक्त यहां भी दर्शन करने आएंगे, जिसे देखते हुए यहां का काम किया जा रहा है, ताकि यहां आने वाले भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना ना करना पड़े।
- आगामी दिनों में यहां दर्शन हॉल का काम भी किया जाना है। जिससे काफी भक्त एक साथ दर्शन हॉल में आ सकेंगे और आगे बढ़ते हुए भगवान के दर्शन कर सकेंगे।

छात्रों ने पैदल रैली निकालकर जताया विरोध

# दिवंगत छात्रों को दी श्रद्धांजलि, नारेबाजी भी की

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

देशभर में सामने आए ठएएळ पेपर लीक एवं छात्र-युवा हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर टंट्या भील चौराहा पर अनिश्चितकालीन धरना 6 दिन से जारी है। छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, युवा, अभिभावक एवं सामाजिक कार्यकर्ता धरना स्थल पर एकत्रित हुए।

रविवार को धरने के दौरान आंदोलन को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से प्रदर्शनकारियों ने टंट्या भील चौराहा से बोलाराम उस्ताद मार्ग तक पैदल रैली निकाली।

रैली के दौरान छात्रों ने शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली एवं छात्र हितों से जुड़ी मांगों को लेकर जोरदार नारे लगाए और अपना विरोध दर्ज कराया।

रैली के दौरान ठएएळ पेपर लीक प्रकरण से प्रभावित होकर जान गंवाने वाले छात्रों को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। साथ ही, छात्रों को न्याय दिलाने एवं भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने की मांग दोहराई गई।



प्रदर्शन करने वालों ने कहा कि देशभर में लगातार हो रहे पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली में अनियमितताओं और छात्रों के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ के विरुद्ध यह संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष एवं कठोर कार्रवाई नहीं होती तथा छात्रों की मांगों पर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता।

रैली के बाद सभी प्रदर्शनकारी पुनः धरना स्थल पहुंचे, जहां अनिश्चितकालीन धरना निरंतर जारी है। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश के सभी छात्र-छात्राओं, युवाओं, अभिभावकों एवं जागरूक लोगों से धरना स्थल पर पहुंचकर इस जनआंदोलन को मजबूत बनाने की अपील की।

# 5 रुपये ट्रांसफर करते ही 1.08 लाख की ठगी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में ओटीटी सब्सक्रिप्शन बंद कराने के बहाने एक दवा व्यापारी और उनकी पत्नी के बैंक खातों से 1.08 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने गूगल पर मिले एक कथित कस्टमर केयर नंबर पर कॉल किया था।

आरोपी ने पहले 5 रुपए ट्रांसफर कर प्रक्रिया पूरी करने का झांसा दिया। इसके कुछ ही देर बाद मोबाइल स्क्रीन बंद हो गई और दोनों के बैंक खातों से अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए 1.08 लाख रुपए निकाल लिए गए। पीड़ित की शिकायत पर जूनी इंदौर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

साइबर सेल में गोपाल कॉलोनी निवासी निर्मल नवलानी ने शिकायत दर्ज कराई। वे दवा व्यापारी हैं और उन्होंने अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म के सब्सक्रिप्शन ले रखे थे। 4 जून को दवा बाजार स्थित कार्यालय से उन्होंने गूगल पर जियो हॉटस्टार का सब्सक्रिप्शन बंद कराने के लिए एक नंबर खोजा। कॉल करने पर सामने वाले व्यक्ति ने खुद को कस्टमर सपोर्ट प्रतिनिधि बताया और सब्सक्रिप्शन बंद कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

आरोपी ने निर्मल से कहा कि प्रक्रिया पूरी करने के लिए पहले 5 रुपए एक खाते में ट्रांसफर करने होंगे। निर्मल ने अपने गूगल पे से राशि भेज दी। इसके कुछ ही देर बाद मोबाइल की स्क्रीन बंद हो गई। मोबाइल दोबारा चालू करने पर बैंक ट्रांजेक्शन के लगातार मैसेज आने लगे। सबसे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा खाते से 8 हजार रुपए और फिर 50 हजार रुपए निकल गए। इसके बाद निर्मल की पत्नी शारदा के खाते से 20 हजार और 30 हजार रुपए के दो ट्रांजेक्शन हो गए। इस तरह दोनों खातों से कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की ठगी कर ली गई।

# नैनीताल में कारोबारी के बेटे की मौत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मध्यप्रदेश के इंदौर से परिवार के साथ नैनीताल घूमने गया 3 साल का मासूम गौरांश सोनी होटल की तीसरी मंजिल की खिड़की से गिर गया। करीब 20 फीट नीचे गिरने से उसकी गर्दन में गंभीर चोटें आईं। सिर की हड्डियां टूट गई।

पहले नैनीताल और फिर हल्द्वानी में इलाज के बाद उसे दिल्ली के फोर्टिस अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गौरांश झाबुआ जिले के राणापुर के सराफा व्यापारी विशाल सोनी का इकलौता बेटा था। दादा अनिल सोनी ने बताया कि परिवार 1 जुलाई को 22 सदस्यों के साथ इंदौर से नैनीताल घूमने के लिए निकला था। परिवार मल्लीताल क्षेत्र के एक होटल में ठहरा हुआ था। रविवार सुबह गौरांश होटल के कमरे में खेल रहा था। इसी दौरान कुछ पल के लिए परिजनों का ध्यान हटा और वह तीसरी मंजिल की खिड़की से नीचे गिर गया।

हादसे के बाद होटल में अफरा-तफरी मच गई। परिजनों की चीख-पुकार सुनकर होटल स्टाफ और स्थानीय लोगों ने उसे तत्काल बीडी पांडे जिला चिकित्सालय पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत देखते हुए उसे हल्द्वानी के हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहां सीटी स्कैन समेत अन्य जांच में उसके सिर की हड्डी और गर्दन में गंभीर चोट की पुष्टि हुई।

**होटल की तीसरी मंजिल की खिड़की से गिरा मासूम, सिर की हड्डियां टूटीं**

**दिल्ली ले जाते समय धड़कन भी बंद हो गई-** हालत नाजुक बनी रहने पर डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली रेफर कर दिया। परिजनों के मुताबिक, दिल्ली ले जाते समय रास्ते में गौरांश की धड़कन भी बंद हो गई थी। डॉक्टरों ने उसे दोबारा रिवाइव किया और फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन गंभीर सिर की चोटों के कारण उसे बचाया नहीं जा सका।

**परिजन शव लेकर राणापुर के लिए रवाना-** गौरांश की मौत की खबर सोशल मीडिया पर सामने आते ही राणापुर में शोक की लहर दौड़ गई। दादा अनिल सोनी ने बताया कि दिल्ली में आवश्यक प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजन रविवार शाम करीब 8 बजे एंबुलेंस से गौरांश के शव को लेकर राणापुर के लिए रवाना हुए।

# उत्तराखंड मॉडल से सुधरेगा इंदौर के घाटों का ट्रैफिक

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर-खंडवा रोड के भेरू घाट और मानपुर के आगे स्थित घाट पर जाम और सड़क हादसे अब आम परेशानी बन चुके हैं। सप्ताह में तीन से चार बार लगने वाले लंबे जाम से हजारों वाहन चालक घंटों फंसे रहते हैं, जबकि मानपुर घाट पर लगातार हो रहे हादसे कई लोगों की जान ले चुके हैं। ऐसे में यदि उत्तराखंड की तर्ज पर घाटों के लिए विशेष पुलिसिंग और ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाए तो स्थिति में सुधार आ सकता है। इसके लिए पुलिस को वहां के पहाड़ी ट्रैफिक मैनेजमेंट की स्टडी करना होगी।

उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में चारधाम यात्रा और पर्यटन सीजन के दौरान घाटों पर ट्रैफिक नियंत्रित करने के लिए अलग व्यवस्था बनाई जाती है। घाटों पर विशेष पुलिस बल, चेक पोस्ट, वन-वे कंट्रोल, भारी वाहनों की



मॉनिटरिंग और ओवरटेक पर सख्ती जैसे उपायों से जाम और दुर्घटनाओं को काफी हद तक नियंत्रित किया जाता है। यही मॉडल इंदौर के घाटों पर भी लागू किया जा सकता है।

### इन 5 कदमों से बदल सकती है तस्वीर

**दुर्घटना की स्थिति में तत्काल कार्रवाई करना हो :** भेरू घाट और मानपुर घाट पर 24 घंटे अलग ट्रैफिक मैनेजमेंट टीम तैनात रहे। इनका काम केवल घाट क्षेत्र की निगरानी, ट्रैफिक संचालन और दुर्घटना की स्थिति में तत्काल कार्रवाई करना हो।

**ओवरटेक पर जीरो टॉलरेंस :** घाट पर सबसे बड़ा खतरा गलत ओवरटेक है। आमतौर पर देखने में आ रहा है कि बस और चार पहिया चालक सबसे ज्यादा ओवरटेक कर स्थिति बिगाड़ रहे हैं। ऐसे वाहन चालकों का मौके पर चालान काटने के साथ वाहन जब्त करने जैसी कार्रवाई हो।

**जाम लगते ही सक्रिय हो चेक पोस्ट सिस्टम :** घाट के दोनों ओर चेक पोस्ट बनाकर वाहनों को बैच सिस्टम से छोड़ा जाए। नीचे जाम होने पर ऊपर से वाहनों की एंट्री कुछ समय के लिए रोक दी जाए। फिर एक तरफ की लेन से 50-50 गाड़ियों को छोड़ा जाए, जिससे घाट पर वाहनों का दबाव नहीं रहेगा और वाहन आसानी से निकल जाएंगे। जब स्थिति सामान्य हो जाए तो चेक पोस्ट सिस्टम बंद कर दें।

**त्योहार और वीकेंड पर भारी वाहनों की एंट्री रोकी जाए :** श्रावण, दीपावली, नया साल, लंबे वीकेंड और अन्य भीड़भाड़ वाले दिनों में दोनों ओर से भारी वाहनों के प्रवेश पर अस्थायी रोक लगाई जाए। इससे छोटे वाहनों की आवाजाही सुगम होगी या फिर भारी वाहनों की एंट्री सिर्फ रात में 8-9 घंटे के बीच हो।

**सड़कों का नियमित पैचवर्क :** घाटों पर खराब सड़क, टूटे किनारे और कमजोर मार्किंग भी हादसों की वजह बनते हैं। नियमित पैचवर्क, रिफ्लेक्टर, क्रैश बैरियर व चेतावनी संकेतों की व्यवस्था अनिवार्य हो।

आमजन की सुरक्षा और अवैध चिकित्सा गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए

# बिना अनुमति चल रहे ओम साईं और संजीवनी क्लिनिक सील

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

आमजन की सुरक्षा और अवैध चिकित्सा गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के दो अवैध रूप से संचालित क्लिनिकों को सील कर दिया।

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में अर्बन ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. दिव्यानी अहरवाल ने पुलिस प्रशासन के सहयोग से यह कार्रवाई की। कार्रवाई के तहत ओम साईं क्लिनिक को सील किया गया, जिसका संचालन कमल गुर्जर द्वारा किया जा रहा था। जांच में पाया गया कि संचालक के पास इलेक्ट्रोहोम्योपैथी की डिग्री होने के बावजूद क्लिनिक में एलोपैथिक पद्धति से






इलाज किया जा रहा था। दरअसल संचालक को 20 मई और 20 जून 2026 को क्लिनिक बंद करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन चेतावनी के बावजूद संचालन जारी रखा गया। इसके बाद नियमानुसार क्लिनिक को सील कर दिया गया। इसी कड़ी में अभिषेक नगर, मूसाखेड़ी स्थित संजीवनी क्लिनिक पर भी कार्रवाई की गई। क्लिनिक संचालक दिनेश गुर्जर को पूर्व में बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता और आवश्यक दस्तावेजों के संचालन के कारण क्लिनिक बंद करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन निर्देशों की अनदेखी करते हुए क्लिनिक का संचालन जारी रखा गया। जनहित और कानूनी प्रावधानों के तहत पुलिस की मौजूदगी में क्लिनिक को सील कर दिया गया। सीएमएचओ ने बताया कि यह कार्रवाई नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, अवैध चिकित्सा व्यवसाय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने और भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं को रोकने के उद्देश्य से की गई है। विभाग ने चेतावनी दी है कि बिना वैधानिक अनुमति और निर्धारित चिकित्सकीय पात्रता के चिकित्सा व्यवसाय संचालित करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# मप्र के 23 जिलों में आज भारी बारिश का अलर्ट जारी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। अब तक औसत 6.4 इंच पानी गिर चुका है। रविवार को 20 से ज्यादा जिलों में तेज बारिश हुई, जबकि सोमवार को कुल 23 जिलों में अति भारी और भारी बारिश का अलर्ट है।

मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक, सोमवार को सागर, दमोह, बैतूल, देवास, आलीराजपुर, उमरिया, सिवनी, छिंदवाड़ा और अनूपपुर में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। रतलाम, उज्जैन, धार, शाजापुर, सीहोर, विदिशा, गुना, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, डिंडौरी और पन्ना में भारी बारिश हो सकती है।



वहीं, ग्वालियर, भिंड, मुरैना, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर, शहडोल, अशोकनगर, नीमच, मंदसौर, झाबुआ, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, हरदा, आगर-मालवा, राजगढ़ और भोपाल में भी कहीं तेज तो कहीं हल्की बारिश हो सकती है।

इससे पहले रविवार को प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में बारिश का दौर रहा। पांढुर्णा जिले के सीतापार के पगड़ी गांव में बिजली गिरने से 48 वर्षीय सुलोचना तड़ाम की मौत हो गई। सीहोर में घने काले बादलों के कारण दिन में ही अंधेरे जैसे हालात बन गए। वहीं, मंदसौर में इस मानसून सीजन में अब तक 6.04 इंच बारिश दर्ज की गई। शाजापुर में सबसे ज्यादा 28 मिमी बारिश हुई। बारिश के बाद कालीसिंध नदी उफान पर है।

मौसम विभाग के अनुसार, छिंदवाड़ा में ढाई इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। सिवनी, उज्जैन और श्योपुर में पौन इंच, टीकमगढ़-ग्वालियर में आधा इंच बारिश हुई। वहीं, दतिया, गुना, इंदौर, राजगढ़, जबलपुर, मंडला, नरसिंहपुर, रीवा, सागर, सीधी, बालाघाट, शाजापुर, भिंड, विदिशा, सीहोर, मंदसौर, पांढुर्णा में भी आंधी-बारिश का दौर रहा।

इधर, बारिश की वजह से मौसम का मिजाज बदल गया और अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई। प्रदेश के 5 बड़े शहरों की बात करें तो इंदौर में 30.9 डिग्री, भोपाल में 32.2 डिग्री, ग्वालियर में 37.7 डिग्री, उज्जैन में 32.7 डिग्री और जबलपुर में 34 डिग्री दर्ज किया गया। खजुराहो में सबसे अधिक 39 डिग्री और बैतूल में सबसे कम 27 डिग्री तापमान दर्ज किया गया।

# देश में पहली बार वक्फ बोर्ड में 2 हिंदू सदस्य

## मध्य प्रदेश सरकार ने मनोज मालपानी और अनिमेष भार्गव को मेंबर बनाया

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

देश में पहली बार किसी राज्य के वक्फ बोर्ड में गैर-मुस्लिम (हिंदू) सदस्यों की नियुक्ति हुई है। मध्यप्रदेश सरकार ने वक्फ बोर्ड का पुनर्गठन करते हुए इंदौर के मनोज मालपानी और गुना के राघौगढ़ निवासी अनिमेष भार्गव को सदस्य बनाया है। इसके साथ ही सनवर पटेल को दोबारा बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

मध्यप्रदेश सरकार का दावा है कि वह वक्फ (संशोधन) अधिनियम-2025 के प्रावधानों के तहत बोर्ड का गठन करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। नए बोर्ड में कुल 10 सदस्य हैं। इससे पहले वक्फ अधिनियम-1995 के तहत राज्य वक्फ बोर्ड के सदस्य केवल मुस्लिम समुदाय से ही होते थे।




अनिमेष भार्गव
मनोज मालपानी

हालांकि, कुछ सदस्यों को राज्य सरकार नामित करती थी, लेकिन उनके लिए भी मुस्लिम होना आवश्यक था। 2025 में कानून में संशोधन के बाद पहली बार यह व्यवस्था की गई कि प्रत्येक राज्य वक्फ बोर्ड में कम-से-कम दो गैर-मुस्लिम सदस्य होंगे। नजमा हेपतुल्ला का नाम पहले के कार्यकाल के आधार पर शामिल किया गया है, जिनका कार्यकाल अप्रैल 2028 तक है। मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) में 4 जुलाई 2026 को जारी अधिसूचना के अनुसार, राज्य शासन ने वक्फ अधिनियम की धारा 13(1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह गठन किया है।

केंद्रीय वक्फ परिषद में भी दो गैर-मुस्लिम सदस्यों का प्रावधान किया गया है। इसी बदलाव के तहत मध्यप्रदेश में पहली बार दो हिंदू सदस्यों को बोर्ड में शामिल किया गया है। राज्य सरकार ने 4 जुलाई 2026 को जारी राजपत्र (असाधारण) की अधिसूचना में वक्फ अधिनियम की धारा 13(1) के तहत बोर्ड के गठन की घोषणा की। पूर्व केंद्रीय मंत्री नजमा हेपतुल्ला का नाम उनके पहले से चल रहे कार्यकाल के आधार पर बोर्ड में बरकरार रखा गया है। उनका कार्यकाल अप्रैल 2028 तक रहेगा। सरकार का कहना है कि नए बोर्ड के जरिए वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता और सुशासन को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।

साल 2025 में वक्फ संशोधन बिल (अब कानून) 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा में 12-12 घंटे की चर्चा के बाद पास हुआ था। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिल को 5 अप्रैल की देर रात मंजूरी दी थी। सरकार ने वक्फ संशोधन कानून को 8 अप्रैल से देशभर में लागू कर दिया था। 3 जुलाई 2025 को केंद्र सरकार ने यूनिफाइड वक्फ मैनेजमेंट, एम्पावरमेंट, एफिशिएंसी एंड डेवलपमेंट रूल्स, 2025 का नोटिफिकेशन जारी किया था, जिसके बाद यह कानून पूरे देश में लागू कर दिया गया था।

### वक्फ बोर्ड क्या है, क्या काम करता है?

वक्फ ऐसी संपत्ति होती है, जिसे कोई मुस्लिम व्यक्ति या संस्था धार्मिक, शैक्षणिक या सामाजिक कल्याण के उद्देश्य से स्थायी रूप से दान कर देती है। इसमें मस्जिद, कब्रिस्तान, दरगाह, ईदगाह, मदरसे, धर्मार्थ भवन, जमीन या अन्य अचल संपत्तियां शामिल हो सकती हैं। राज्य की वक्फ संपत्तियों का रिकॉर्ड तैयार करना और उनका संरक्षण करना।

# आज एफेलियन डे:सूर्य से सबसे दूर पहुंचेगी पृथ्वी, फिर भी कम नहीं होगी गर्मी

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

6 जुलाई को पृथ्वी अपनी वार्षिक कक्षा के उस बिंदु पर पहुंचेगी, जहां वह सूर्य से पूरे साल में सबसे अधिक दूर होगी। इस खगोलीय घटना को एफेलियन कहा जाता है। भारतीय समयानुसार रात करीब 11 बजे पृथ्वी और सूर्य के बीच की दूरी लगभग 15.2 करोड़ किलोमीटर होगी। इसके बावजूद भारत समेत उत्तरी गोलार्ध में गर्मी बनी रहेगी। इसकी वजह दूरी नहीं, बल्कि पृथ्वी की धुरी का झुकाव है। नेशनल अवॉर्ड विजेता खगोल विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि पृथ्वी की कक्षा पूरी तरह गोल नहीं, बल्कि हल्की अंडाकार है। इसी कारण हर वर्ष एक बार पृथ्वी सूर्य के सबसे नजदीक (पेरिहेलियन) और एक बार सबसे दूर (एफेलियन) पहुंचती है। इस वर्ष 3 जनवरी को पेरिहेलियन के दौरान पृथ्वी और सूर्य के बीच दूरी करीब 14.7 करोड़ किलोमीटर थी, जबकि 6 जुलाई को यह बढ़कर लगभग 15.2 करोड़ किलोमीटर हो जाएगी। सारिका घारू ने बताया कि आम धारणा है कि सूर्य से दूरी बढ़ने पर ठंड और नजदीक आने पर गर्मी बढ़नी चाहिए, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग है। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग 23.5 डिग्री झुकी हुई है। इसी झुकाव के कारण मौसम बदलते हैं।

# भोपाल-इंदौर समेत 15 नई लोकसभा सीटों का प्रस्ताव

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

एमपी में भविष्य के परिसीमन के बाद लोकसभा सीटों की संख्या 29 से बढ़कर 44 हो सकती है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में राज्य के लिए 15 नई लोकसभा सीटें जोड़ने का मॉडल पेश किया गया है। परिषद ने स्पष्ट किया है कि यह अंतिम परिसीमन प्रस्ताव नहीं, बल्कि प्रतिनिधित्व को अधिक प्रभावी और संतुलित बनाने के लिए तैयार स्टडी है।

रिपोर्ट में देशभर की लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 824 करने और 170 बड़े संसदीय क्षेत्रों को दो या तीन हिस्सों में बांटने का सुझाव दिया गया है। इसी आधार पर मध्य प्रदेश में करीब 52% सीटें बढ़ने का अनुमान है। आर्थिक सलाहकार परिषद ने सुझाव दिया है कि परिसीमन केवल जनसंख्या के आधार पर नहीं होना चाहिए। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या, भौगोलिक विस्तार, शहरीकरण, अनुसूचित जाति-जनजाति की आबादी, भाषाई व सामाजिक विविधता तथा मतदान प्रतिशत जैसे मानकों को भी शामिल किया जाए।

परिषद का मानना है कि इससे सांसद और मतदाता के बीच संपर्क बेहतर होगा, निर्वाचन क्षेत्र अधिक संतुलित होंगे और मतदान प्रतिशत में सुधार हो सकता है।

रिपोर्ट में मध्य प्रदेश का नया सीटवार नक्शा जारी नहीं किया गया है। हालांकि सुझाए गए मानकों के आधार पर सबसे अधिक बदलाव भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, सागर, रीवा और छिंदवाड़ा जैसे बड़े संसदीय क्षेत्रों में संभव है। यहां मतदाता अधिक हैं, शहरीकरण तेजी से बढ़ा है और भौगोलिक विस्तार भी बड़ा है। नए जिले मैहर, मऊगंज और पांढुर्णा भी भविष्य के परिसीमन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

# 5 सरकारी एजेंसियों में तालमेल नहीं, 892 घर और पांच कारखाने एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइनों के नीचे

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

राजधानी में एक्स्ट्रा हाईटेंशन (ईएचटी) ट्रांसमिशन लाइनों के नीचे और सुरक्षा कॉरिडोर के भीतर हुए निर्माण अब केवल नियमों के उल्लंघन का मामला नहीं रह गए हैं। यह सीधे हजारों लोगों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा बन चुका है।

मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) की ताजा समीक्षा में भोपाल शहर में सुरक्षा कॉरिडोर के भीतर 897 निर्माण चिन्हित किए गए हैं। इनमें 892 मकान और 5 औद्योगिक इकाइयां शामिल हैं। यानी करीब चार से पांच हजार लोग तथा सैकड़ों औद्योगिक कर्मचारी रोज हाईटेंशन लाइनों के सुरक्षा दायरे में रह रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब ट्रांसमिशन कंपनी लगातार नोटिस जारी करती रही, नगर निगम, भोपाल विकास प्राधिकरण (बीडीए), टाउन एंड कंट्री प्लानिंग (टीएंडसीपी) और जिला प्रशासन को बार-बार पत्र लिखे जाते रहे, तब सुरक्षा कॉरिडोर में निर्माण आखिर रुक क्यों नहीं पाए? जिम्मेदार एजेंसियां एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालती रहीं और प्रतिबंधित क्षेत्र में मकान, दुकान तथा औद्योगिक इकाइयां तक बन गईं।

जानकारों का कहना है कि यह केवल सुरक्षा कॉरिडोर में निर्माण का मामला नहीं, बल्कि विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की कमी का भी उदाहरण है। यदि भवन अनुज्ञा, ले-आउट स्वीकृति और निर्माण के शुरूआती चरण में संयुक्त कार्रवाई होती, तो बड़ी आबादी जोखिम के बीच नहीं होती।



### कार्रवाई अधूरी

एमपी ट्रांसको के अनुसार सुरक्षा कॉरिडोर में निर्माण रोकने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाए गए, संबंधित लोगों को कई बार नोटिस दिए गए तथा नगर निगम, बीडीए, टीएंडसीपी और जिला प्रशासन को बार-बार पत्र लिखे गए। संयुक्त कार्रवाई के लिए कई बैठकें भी हुईं, लेकिन अधिकांश स्थानों पर निर्माण हटाने की कार्रवाई अपेक्षित गति से आगे नहीं बढ़ सकी।

### नियम क्या कहते हैं?

132 केवी लाइन के दोनों ओर 27-27 मीटर तथा 220 केवी लाइन के दोनों ओर लगभग 35-35 मीटर सुरक्षा कॉरिडोर निर्धारित है। इस दायरे में स्थायी निर्माण की अनुमति नहीं है। विशेषज्ञों के अनुसार यह दूरी केवल तारों से बचाव के लिए नहीं, बल्कि विद्युत प्रभाव, तारों के झूलने, रखरखाव और आपात स्थिति को ध्यान में रखकर तय की गई है।

**इसमें घरेलू बिजली से 950 गुना अधिक वोल्टेज-** घरों में सामान्यतः 230 वोल्ट बिजली आपूर्ति होती है, जबकि 132 केवी और 220 केवी ट्रांसमिशन लाइनों में 1.32 लाख से 2.20 लाख वोल्ट प्रवाहित होते हैं, जो घरेलू बिजली से लगभग 600 से 950 गुना अधिक है। तार टूटने, तेज हवा या ऊंचे निर्माण के संपर्क से गंभीर दुर्घटनाएं हो सकती हैं।

**ये भी हैं खतरे-** फ्लैशओवर, विद्युत आर्क, आग लगने का जोखिम, बड़े क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित होना, मरम्मत कार्य में कठिनाई और आपदा की स्थिति में राहत कार्य प्रभावित होना भी प्रमुख जोखिम हैं।

# मप्र के सागर में 4 सामूहिक सुसाइड, 14 मौतें

## पति ने दूरी बनाई तो 4 बेटियों को कुएं में फेंक फंदे पर लटकी;बेवफाई से सब खत्म

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

सागर जिले में एक साल के भीतर सामूहिक सुसाइड के मामलों में आया उछाल चौंकाने वाला है। अपनों से मिला दगा, पारिवारिक कलह और अकेलेपन के दीमक ने हंसते-खेलते घरों को श्मशान में तब्दील कर दिया। पिछले 12 महीनों में जिले के अलग-अलग इलाकों में हुए 4 सामूहिक सुसाइड के मामलों में 14 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी।

इस खौफनाक कहानी का सबसे अहम पहलू यह है कि इन मौतों में सबसे ज्यादा बेकसूर मासूम बच्चे हैं, जिन्हें मौत के आखिरी पल तक यह आभास भी नहीं था कि उनके अपने ही उनकी जिंदगी छीनने जा रहे हैं। पुलिस तफ्तीश में सामने आया है कि इन आत्मघाती कदमों के पीछे कोई बाहरी दुश्मन नहीं, बल्कि घरेलू विवाद और मानसिक अकेलापन था।



दरअसल, सागर के ग्राम मैनाई, टीहर, खमरिया और चांदपुर में सामूहिक सुसाइड के मामले सामने आए। इनमें खमरिया में बेटा नहीं होने के कारण पति ने परिवार से दूरी बना ली। वह घर से बाहर रहने लगा। इसी अकेलेपन में पत्नी ने अपनी 5 माह की बेटी समेत 4 बेटियों को पहले कुएं में फेंका और फिर खुद पेड़ पर फांसी लगा ली थी।

ठीक इसी प्रकार टीहर गांव में पत्नी की बेवफाई से मानसिक रूप से टूट चुके पति ने अपने बेटे-बेटी और मां के साथ जहर खाकर सुसाइड कर लिया था। इन दो सामूहिक सुसाइड के मामलों ने पूरे जिले को हिला दिया था। जिसने भी सुना, उसकी रूह कांप उठी। इन सामूहिक सुसाइड के मामलों में पुलिस ने परिवार के सदस्यों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है। मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रो. डॉ. दिव्या भनोट ने सामूहिक सुसाइडों के मामलों को लेकर कहा कि सुसाइड करने वालों में ज्यादातर 30 से 40 वर्ष की उम्र के बीच के लोग शामिल होते हैं। वर्तमान में लोगों की लाइफ स्टाइल बदल रही है।

सभी को महंगे गैजेट चाहिए, एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर, शादीशुदा जिंदगी से बाहर जाकर अनैतिक संबंध रखना। इसके पीछे कारण है कि लोग एक-दूसरे को भावनात्मक रूप से समझ नहीं पा रहे हैं। अंत में रिश्तों में ज्यादा तनाव आ जाता है। यह तनाव लोग झेल नहीं पाते और आखिर में जीवन खत्म करने जैसा आत्मघाती कदम उठाते हैं। तत्कालीन एडिशनल एसपी लोकेश सिंहा ने बताया कि सामूहिक सुसाइड की कुछ घटनाएं सामने आई हैं। प्रत्येक घटनाओं में अलग-अलग कारण निकल सामने आए हैं। ऐसी घटनाओं में सामान्य तौर पर पारिवारिक और निजी कारण सामने आते हैं। मामलों में जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

# गुना में जहरीली शराब के साथ दो पारदी बदमाश गिरफ्तार

गुना पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर चोरी की बाइक पर अवैध जहरीली कच्ची शराब की तस्करी कर रहे दो शातिर पारदी बदमाशों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार धरनावदा थाना पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम गादेर हाईवे घाट के पास जंगल में दो व्यक्ति पल्सर बाइक पर प्लास्टिक की केनों में अवैध शराब लेकर खड़े हैं। थाना प्रभारी रक रूहिल शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल दबिश देकर घेराबंदी की और पल्सर बाइक एमपी 08-2190 से 62 लीटर अवैध जहरीली कच्ची शराब जब्त की। मौके से आरोपी राठौर पारदी (19) निवासी गोकुल सिंह का चक, गुना और रोमी पारदी (23) निवासी बीलाखेड़ी को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट की धारा 34(2) व 49(क) के तहत मामला दर्ज किया गया।

### खोंकर गांव के पास से चोरी की थी बाइक

पुलिस जांच में बरामद मोटरसाइकिल की नंबर प्लेट फर्जी पाई गई। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने कबूला कि यह बाइक उन्होंने 20 जून 2026 को म्याना थाना क्षेत्र के खोंकर गांव के पास से चोरी की थी, जिसकी रिपोर्ट पहले से दर्ज थी। इसके अलावा, आरोपियों ने एक और चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि करीब एक महीने पहले 4 जून को उन्होंने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर बेरखेड़ी के जंगल में बाइक सवार बुजुर्ग दंपती भोलराम धाकड़ निवासी भूमराखेड़ी और उनकी पत्नी को रोककर लूटपाट की थी। बदमाश महिला के कान के सोने के टॉप्स और रुपयों व दस्तावेजों से भरा पर्स लूटकर भाग गए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। इस दोहरे खुलासे में धरनावदा थाना प्रभारी रक रूहिल शर्मा, अरक विपिन तिर्की, प्रधान आरक्षक योगेश धाकड़, आरक्षक धर्मेन्द्र, सत्येन्द्र, ऋषिकेश, विनीत, आकाश, नरेन्द्र और दीपक कुशवाह की भूमिका रही।

## खबर एक नजर...

### 10 साल बाद एमएसएमई विभाग में 217 कर्मचारियों का प्रमोशन

प्रदेश सरकार द्वारा लंबे समय बाद विभागीय पदोन्नतियों की प्रक्रिया तेज किए जाने के बीच सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग ने 217 कर्मचारियों को पदोन्नति दी गई है। विभाग ने रविवार को पदोन्नति आदेश जारी कर दिए। इन पदोन्नतियों के बाद सीधी भर्ती के 116 नए पद भी रिक्त हो गए हैं, जिन पर जल्द भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशों के बाद उद्योग संचालनालय के विभिन्न संवर्गों की विभागीय पदोन्नति समिति (डीपीसी) की बैठक त्वरित रूप से आयोजित की गई। इसके आधार पर 5 जुलाई को कुल 217 पदों पर पदोन्नति आदेश जारी किए गए। इनमें अधीक्षक का 1, सहायक अधीक्षक के 3, सहायक वर्ग-1 के 43, सहायक वर्ग-2 के 131, सहायक वर्ग-3 के 14 तथा निज सहायक के 25 पद शामिल हैं।

विभाग का कहना है कि पदोन्नति के बाद सीधी भर्ती के 116 नए पद उपलब्ध हो गए हैं। इन पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इससे विभाग में लंबे समय से रिक्त पदों को भरने का रास्ता साफ होगा और नए अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर मिलेगा।

### आंधी से गिरी दीवार, बच्ची की मौत, पांढुर्णा में बिजली गिरने से महिला की गई जान

**पांढुर्णा।** मध्य प्रदेश में मानसून जमकर बरस रहा है। रविवार को सिंगरौली में रविवार को आंधी से कच्ची दीवार गिर गई। मलबे में 3 बच्चे दब गए। इनमें 9 वर्षीय बच्ची कल्पना साकेत की मौत हो गई, जबकि ललन और 6 वर्षीय रंजीत गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके साथ ही पांढुर्णा के सीतापार के पगड़ी गांव में बिजली गिरने से 48 वर्षीय सुलोचना तड़ाम की मौत हो गई। भोपाल, नरसिंहपुर, विदिशा, टीकमगढ़, मुरैना समेत कई जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश हुई। वहीं, सीहोर में घने काले बादलों के कारण दिन में ही अंधेरे जैसे हालात बन गए। वहीं, मंदसौर में इस मानसून सीजन में अब तक 6.04 इंच बारिश दर्ज की गई। शाजापुर में सबसे ज्यादा 28 मिमी बारिश हुई। बारिश के बाद कालीसिंध नदी उफान पर है।

### कृषि मंत्री ने केंद्र से कहा- मूंग खरीदी का कोटा 40 फीसदी करें

**भोपाल।** प्रदेश में ग्रीष्मकालीन मूंग की सरकारी खरीदी शुरू होते ही विवाद गहरा गया है। किसानों का आरोप है कि सीमित खरीदी कोटा के चलते मंडियों में एमएसपी से 1200 से 1500 तक कम भाव में मूंग बेचने को मजबूर हैं। वहीं, दूसरी तरफ कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने दिल्ली में किसानों की मांग पहुंचाई है। मंत्री ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर मूंग उपार्जन की लक्ष्य सीमा को कुल उत्पादन का 40% यानी 8.06 लाख मीट्रिक टन (दोगुना) करने की बड़ी मांग की है। वर्तमान में केंद्र ने सिर्फ 4.55 लाख मीट्रिक टन की ही मंजूरी दी है। इधर, किसानों का कहना है कि मूंग का समर्थन मूल्य 8,798 तय है, लेकिन केंद्रों पर अव्यवस्था और कोटे की लिमिट के कारण किसान इसे 6,500 से 7,200 के औने-पौने दाम पर खुले बाजार में बेच रहे हैं। यदि प्रति एकड़ खरीदी की सीमा नहीं बढ़ाई गई, तो उन्हें लाखों का नुकसान उठाना पड़ेगा। रायसेन के उदयपुरा के किसान शुभम रघु ने बताया, सरकार ने प्रति एकड़ सिर्फ 3 क्विंटल खरीदी का लक्ष्य रखा है, जबकि पंजीयन के वक्त पोर्टल पर केवल 1.2 क्विंटल मात्रा ही दर्ज हो पा रही है।

### शिवपुरी में मिसाइल प्लांट का भूमिपूजन

**शिवपुरी।** कोलारस में अदाणी समूह दक्षिण एशिया में निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा मिसाइल इकोसिस्टम मैन्युफैक्चरिंग प्लांट बनाने जा रहा है। रविवार को सीएम डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भूमिपूजन किया।

इस दौरान अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी के दोनों पुत्र जीत और करण अदाणी मौजूद थे। सीएम ने कहा कि यहां बनने वाली मिसाइल 1000 किमी तक मार करेंगी। यानी यहां बनने वाली ?मिसाइल की जद में पाक का हर कोना रहेगा। सिंधिया बोले- जीआईएस 2025 में अदाणी समूह ने मप्र में 1.10 लाख करोड़ निवेश का ऐलान किया था। शिवपुरी डिफेंस यूनिट उसी घोषणा की पहली बड़ी परियोजना है। अदाणी समूह के निदेशक जीत ने बताया कि यहां कंपोजिट प्रोपेलेंट, परीक्षण सुविधाएं, विस्फोटक बनेंगे। अगले 3 साल में 500 करोड़ का निवेश करेंगे। सीएम और सिंधिया ने अदाणी समूह के डिजाइन किए गए क्रॉस-एयर डिफेंस उपकरण का अवलोकन किया। यह मल्टी-लॉन्चर प्रणाली छोटी मिसाइलों और अन्य हवाई खतरों को कुछ ही क्षणों में नष्ट करने में सक्षम है।

देश में तीसरी सबसे बड़ी ताकत : देश की 41 सरकारी रक्षा उत्पादन इकाइयों में 6 मप्र में हैं। महाराष्ट्र (9) और उप्र (7) के बाद तीसरे स्थान पर है। अब निजी क्षेत्र का सबसे बड़ा मिसाइल कॉम्प्लेक्स भी जुड़ जाएगा। रणनीतिक लोकेशन का फायदा : पाली (शिवपुरी) एनएच-27 (ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर) पर है। यह गुजरात के बंदरगाहों और उप्र डिफेंस कॉरिडोर से जुड़ा है, जिससे रक्षा सामग्री की आवाजाही तेज होगी। रॉ से रेडी तकः मैन्युफैक्चरिंग रॉ मैटेरियल, प्रोपेलेंट, गन पाउडर, मिसाइल निर्माण और असेंबली सबकुछ एक ही परिसर में होगा। भिंड में असॉल्ट राइफलें, स्नाइपर और एमएमजी जैसी बंदूकें ढाली और असेंबल होती हैं। ग्वालियर में एयरफोर्स बेस है। यह बेल्ट डिफेंस हब जैसी विकसित होगी।

# अर्जुन कपूर की बहन का प्री-वेडिंग फंक्शन शुरू

## फंक्शन में शामिल हुआ पूरा कपूर परिवार





फिल्म प्रोड्यूसर बोनी कपूर की बेटी और एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला कपूर कल यानी 6 जुलाई को शादी कर रही हैं। वे अपने लॉन्ग टर्म बॉयफ्रेंड रोहन ठक्कर के साथ शादी करेंगी। शादी से पहले उनके घर पर प्री-वेडिंग रस्में शुरू हो गई हैं। माता की चौकी के बाद अंशुला की मेहंदी सेरेमनी रखी गई, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई हैं।

अपनी मेहंदी के लिए अंशुला ने पारंपरिक पीले या हरे रंग के बजाय टिल ब्लू कलर का डिजाइनर लहंगा चुना। इस फंक्शन में पूरा कपूर परिवार शामिल हुआ।

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर की मेहंदी सेरेमनी के दौरान पूरा कपूर परिवार एक साथ नजर आया। इस पारिवारिक मिलन में दूल्हा-दुल्हन के करीबी दोस्त और रिश्तेदार शामिल हुए। फंक्शन में अंशुला के पिता बोनी कपूर और भाई अर्जुन कपूर मेहमानों का स्वागत करते दिखे। उनके अलावा सोनम कपूर, खुशी कपूर, महीप कपूर और बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन भी इस जश्न का हिस्सा बने। कार्यक्रम में काफी संगीत और डांस भी हुआ।

अंशुला कपूर ने अपनी मेहंदी सेरेमनी के लिए फैशन डिजाइनर अर्पिता मेहता का डिजाइन किया हुआ टिल ब्लू कलर का कस्टमाइज्ड लहंगा पहना। इस लहंगे का डिजाइन गुजरात के पारंपरिक पटोला प्रिंट से प्रेरित है। स्कर्ट पर बारीक पटोला मोटिफ्स के साथ मिरर वर्क किया गया है।

लहंगे के बॉर्डर पर एंटीक गोल्ड एम्ब्रॉयडरी है। इसके साथ उन्होंने मैचिंग दुपट्टा लिया, जिस पर ज्योमेट्रिक पैटर्न, मिरर वर्क और टैसल्स लगे हुए हैं। ब्लाउज पर व्हाइट पोल्का-डॉट डिटेलिंग और गले पर हैवी कढ़ाई की गई है।

### पारंपरिक पोल्की छोड़कर पहनी फिरोजी ज्वेलरी

अपने ब्राइडल लुक को अलग बनाने के लिए अंशुला ने पारंपरिक पोल्की ज्वेलरी को छोड़कर 'आम्रपाली ज्वेल्स' की फिरोजी (टर्कोइज) ज्वेलरी चुनी। उन्होंने मोतियों वाले हैवी फिरोजी नेकलेस के साथ मैचिंग ड्रॉप ईयररिंग्स और अंगूठियां पहनीं।

# 'नमो नारायण' कहकर अली गोनी ने ट्रोलर्स को जवाब दिया




**एक्टर अली गोनी ने सोशल मीडिया पर उन लोगों को जवाब दिया, जिन्होंने एल्विश यादव के घी ब्रांड का नाम न लेने पर उन्हें ट्रोल किया।**

एक्टर अली गोनी ने सोशल मीडिया पर उन लोगों को जवाब दिया, जिन्होंने एल्विश यादव के घी ब्रांड का नाम न लेने पर उन्हें ट्रोल किया।

दरअसल, हाल ही में अली ने एक वीडियो में घी की तारीफ की थी, लेकिन ब्रांड का नाम नहीं लिया। इसके बाद कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने इस पर सवाल उठाए और इसे धर्म से जोड़कर रिएक्शन दिया।

अली गोनी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर कर इस मामले पर सफाई दी। वीडियो में उन्होंने एल्विश के घी ब्रांड नमो नारायण का नाम भी लिया और कहा कि उन्हें इस बात का अंदाजा नहीं था कि ब्रांड का नाम न लेने को लेकर विवाद खड़ा हो जाएगा।

अली ने कहा, ₹नमो नारायण। नमो नारायण। आप लोगों को कुछ नया नहीं मिला बात बनाने का, तो आप लोगों ने ये बना दिया। मैं तो बस घी की तारीफ कर रहा था। मैंने तो इतना सोचा भी नहीं था कि आप लोग नाम को लेकर इतना बड़ा... यह बहुत फनी है।

उन्होंने आगे कहा, ₹मैं कभी इन चीजों पर इतना ध्यान नहीं देता, लेकिन ये बहुत फनी था। मतलब इतनी घटिया बात आप लोग करेंगे, लेकिन नमो नारायण और मुझे कोई भी नाम लेने से कोई प्रॉब्लम नहीं है। मेरे लिए सब बराबर है। कुछ नया ढूंढो यार।₹

### अली गोनी पहले भी हुए थे ट्रोल

गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है, जब अली गोनी इस तरह के विवाद में आए हैं। इससे पहले वह पिछले साल मुंबई में गर्लफ्रेंड जैस्मिन भसीन के साथ गणपति पूजा में शामिल हुए थे। उस दौरान 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे को लेकर भी उन्हें सोशल मीडिया पर आलोचना का सामना करना पड़ा था।

# आमिर खान की गौरी से शादी हुई, मुकेश अंबानी-आशुतोष गोवारिकर पहुंचे



मशहूर कहावत है कि ह्यदूसरा मौका सिर्फ कहानियां देती हैं, जिंदगी नहींङ्क, लेकिन बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान ने ये कहावत गलत साबित कर दी। दो नाकाम शादियों के बाद आमिर ने जिंदगी को नया मौका दिया और आज वो 61 की उम्र में गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट से शादी कर चुके हैं। दोनों ने आमिर के घर में रजिस्टर्ड मैरिज की, जिसमें परिवार के लोगों के अलावा चुनिंदा करीबी दोस्त शामिल हुए। आमिर महज 20 साल के थे, जब उन्हें पड़ोस में रहने वालीं रीना से प्यार हो गया। तब वो फिल्मों में नहीं आए थे। घरवालों से चोरी-छिपे मुलाकात होना और घरवालों का गुस्सा, आमिर के खाते में आया। उन्होंने हार नहीं मानी और फिल्मी हीरो की तरह दुनिया की नजरों से छिपकर कोर्ट में शादी कर ली, जिसमें 10 रुपए खर्चा आया। दोनों कानूनी तौर पर पति-पत्नी बने, लेकिन दुनिया की नजरों में अपनी-अपनी जिंदगी जीते थे। संघर्ष लंबा रहा, लेकिन फिर दुनिया उनके प्यार के आगे झुकी और उनके रिश्ते को स्वीकार कर लिया। दोनों के 2 बच्चे आयरा और जुनैद हुए। शादी के 15 साल बाद ये रिश्ता टूट गया। आमिर के लिए ये असहनीय था। उन्होंने शराब का सहारा लिया और खुद को दुनिया से छिपा लिया, लेकिन कभी पहली पत्नी रीना और परिवार पर आंच नहीं आने दी। कुछ समय बाद आमिर की जिंदगी में एक रोज किरण राव की एंट्री हुई, जो उन्हीं की फिल्म की असिस्टेंट डायरेक्टर थीं। न कोई प्यार-मोहब्बत की बातें हुईं, न इजहार, न फैंसी डेट और न कोई प्लानिंग। कहानी महज एक आधे घंटे के कॉल से शुरू हुई। और फिर क्या था चट मंगनी और पट ब्याह। इस शादी से एक बेटा आजाद हुआ, लेकिन 2021 में दोनों ने अपनी-अपनी जिंदगियों को अहमियत देते हुए शादी तोड़ दी। लेकिन दोस्ती और एहसास बरकरार रहा।

# बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर वीकेंड पर मसूरी में घूमते दिखे



मसूरी में वीकेंड पर बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर नजर आए। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों और प्रशंसकों के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। शाहिद कपूर अपनी बेटी का दाखिला कराने के लिए वुडस्टॉक स्कूल पहुंचे थे।

वुडस्टॉक स्कूल में इस साल का दूसरा समर प्रोग्राम चल रहा है। इसमें देश-विदेश के 151 बच्चे हिस्सा ले रहे हैं। करीब 12 दिन तक चलने वाले कार्यक्रम में बच्चों के लिए शैक्षणिक, रचनात्मक, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। स्कूल परिसर पहुंचने पर शाहिद कपूर ने मुख्य विद्यालय भवन का भ्रमण किया। उन्होंने कैफेटेरिया, छात्रावास समेत अन्य व्यवस्थाओं को भी देखा। इस दौरान उन्होंने मसूरी और स्कूल परिसर की प्राकृतिक सुंदरता का आनंद लिया।

### 15 साल बाद बड़े परदे पर लौटेंगी सेलिना

सेलीना जेटली करीब 15 साल बाद बड़े परदे पर वापसी करने जा रही हैं। वह निर्देशक राम कमल मुखर्जी की अगली बायोपिक में सिस्टर निवेदिता (मार्गरेट नोबल) का किरदार निभाएंगी। अपने एक इंटरव्यू में सेलिना ने कहा कि यह फिल्म उनके करियर के सबसे खास अनुभवों में से एक है। उन्होंने बताया कि राम कमल मुखर्जी के साथ काम करना उनके लिए अलग अनुभव रहा और इस किरदार को निभाना उनके लिए सिर्फ अभिनय नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी जैसा है। सेलिना कहती है...ह्यसिस्टर निवेदिता मुझे सबसे ज्यादा इसलिए प्रभावित करती हैं, क्योंकि उनका जन्म भारत में नहीं हुआ था, फिर भी उन्होंने अपना जीवन भारत, इसकी संस्कृति, आध्यात्मिक विचारधारा और लोगों की सेवा में समर्पित कर दिया।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ





## जोक्स

एक अंकल ने एक बच्चे से पूछा -
पढ़ाई कैसी चल रही है...?
बच्चे ने जवाब दिया - अंकल, समंदर
जितना सिलेबस है,
नदी जितना पढ़ पाते हैं,
बाल्टी भर याद होता है,
गिलास भर लिख पाते हैं,
चुल्लू भर नंबर आते हैं,
उसी में डूब कर
मर जाते हैं...!

00000

पिता - पेपर कैसा गया...?
बेटा - पहला सवाल छूट गया, तीसरा आता नहीं था,
चौथा करना भूल गया, पांचवां नजर नहीं आया...!
पिता - और सवाल दो...?
बेटा - बस सिर्फ वो ही गलत हो गया...!

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 2 | | 75 | | 10 | = | 35 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 5 | | 50 | | 2 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 30 | | 30 | | 1 | | 30 | = | 30 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 50 | | 12 | | 30 | | 21 | = | 30 / 29 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | र | जें | ट | स | ता | ना | वा | ज | पे | स |
| ल्त | फ | ल | प्रे | व | जी | म | द | ह | कां | र |
| न | स | ल | म | को | ह | रा | म | ल | ख | का |
| त | स | स | ता | दि | वा | ज | ध | त्रि | श | र |
| श | आ | र | ज | स | ज | ना | तू | दे | झ | प |
| न | ल | ला | र | दि | म | उ | ती | व | घ | स |
| स | ड़ | क | फ्यू | जी | प | बा | ज | स | व | जा |
| श | एं | वा | स | र | फ | रो | श | ज | श | ब्धा |
| मी | ड | ल | फू | ल | औ | र | आ | ग | स | आ |
| र | ऑं | ल | प | लि | जी | शी | ला | की | चे | ट |
| रि | ज | स | त्ता | धी | श | डि | त | व | त | म |

शब्दजाल में 'स' से शुरु होने वाले दस शब्द ढूंढ़िए. शब्द ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

सफलता, सरकार, सजा, सचेत, सजग, सरफरोश, सल्तनत, सड़क, सत्ताधीश, सताना

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | 1 | | 3 | 4 |
| 2 | 33 | | 34 | | 30 | |
| 3 | 5 | 4 | | 7 | | 2 |
| | 36 | | 32 | | 23 | 6 |
| 7 | | 5 | | 3 | | |
| | 36 | | 34 | 4 | 31 | |
| 1 | | 3 | | 5 | | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

### माथा पच्ची का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 99 | + | 99 | - | 99 | - | 49 | = | 50 |
| - | ■ | - | ■ | + | ■ | - | ■ | - |
| 50 | - | 40 | x | 5 | - | 25 | = | 25 |
| + | ■ | - | ■ | - | ■ | + | ■ | + |
| 20 | + | 4 | + | 45 | - | 20 | = | 30 |
| - | ■ | + | ■ | - | ■ | - | ■ | - |
| 30 | x | 3 | - | 50 | + | 10 | = | 50 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 39 | + | 58 | + | 9 | - | 34 | = | [illegible] |

### अष्टयोग का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 33 | 1 | 36 | 6 | 27 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 4 | 36 | 2 | 30 | 1 | 26 | 6 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 6 | 36 | 6 | 32 | 4 | 34 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

### शब्दजाल का हल



## वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**

1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुएं पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान, नीरव-3
9. प्रेम, प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट, मायानगरी-3,2
15. सूर्य, भास्कर-2
16. उपनदी, कैनाल-3
18. व्यंग्य, परिहास-3
19. कौर, ग्रास-3
20. दफ्न करना-4
22. भूल, असावधानी-4

**ऊपर से नीचे**

1. अगुवा, रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरूर, नशा, गरूर-2
3. चिंतन, विचारना-3
4. परजन भावना, गैरपन-5
5. भिड़ना, मुठभेड़-4
7. रेखा, लाइन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा, हद, बॉर्डर-4
14. शाखा, डाली-3
17. रिवाज, परंपरा-4
18. पाबंदी, रोक-3
21. स्वच्छ-2

### वर्ग पहेली



## सुडोकू नवताल- ★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सुडोकू नवताल का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

# अमेरिका में आजादी के 250 साल का जश्न

## ट्रम्प बोले- अमेरिका को कम्युनिज्म नहीं चाहिए, हमने इसके खिलाफ दुनियाभर में जंग लड़ी




**अमेरिका ने शनिवार को आजादी के 250 साल पूरे होने का जश्न मनाया। इस मौके पर देशभर में भव्य समारोह आयोजित किए।**

मुख्य कार्यक्रम वॉशिंगटन डीसी के नेशनल मॉल में हुआ, जहां राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने राष्ट्र को संबोधित किया। बारिश और आंधी-तूफान के कारण कार्यक्रम में देरी हुई, लेकिन मौसम साफ होने के बाद समारोह शुरू हुआ। अपने संबोधन में ट्रम्प ने कम्युनिज्म पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, ₹हम अपने देश में कम्युनिस्टों को नहीं चाहते। कम्युनिज्म हमेशा हारता आया है और आगे भी हारेगा। यह अमेरिकी व्यवस्था के बिल्कुल विपरीत है।₹ ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सैनिकों ने दुनिया भर में कम्युनिज्म के खिलाफ लड़ाई लड़ी, ताकि यह विचारधारा कभी अमेरिका के भीतर जगह न बना सके। भाषण के बाद नेशनल मॉल में करीब 40 मिनट तक रिकॉर्ड आतिशबाजी हुई। इस दौरान 8.5 लाख से ज्यादा फायरवर्क्स हुए। व्हाइट हाउस ने इसे अमेरिका के इतिहास का सबसे बड़ा स्वतंत्रता दिवस फायरवर्क शो बताया।



वॉशिंगटन डीसी में हुई आतिशबाजी में 8.5 लाख गोले दागे गए। यह करीब 40 मिनट तक चली। देश के सभी 50 राज्यों में परेड, एयर शो, कॉन्सर्ट और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। न्यूयॉर्क में जहाजों की परेड निकली, जिसमें भारत समेत दुनिया भर से आए जहाज शामिल हुए। फिलाडेल्फिया में टाइम कैप्सूल जमीन में दफन किया गया। इसे 250 साल बाद खोला जाएगा। इसमें आईफोन, कोका-कोला समेत सभी राज्यों के आम लोगों से जुड़ी चीजें रखी गईं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने वॉशिंगटन के नेशनल मॉल से देश को संबोधित किया। मंच पर नासा के आर्टेमिस-क्क मिशन के अंतरिक्ष यात्री और पूर्व सैनिक भी मौजूद रहे। अमेरिका-250 कमिशन ने इस समारोह की तैयारी 2016 से ही शुरू कर दी थी। अमेरिकी कांग्रेस ने इसके लिए 150 मिलियन डॉलर (करीब ?1,250 करोड़) का फंड मंजूर किया। इसके अलावा निजी कंपनियों ने भी फंडिंग की।



### लोगों ने किल ट्रम्प के नारे लगाए; आज तेहरान में अंतिम यात्रा

# अयातुल्ला अली खामेनेई के जनाजे में 3 बेटे शामिल, मुजतबा दूर रहे

**ब्रह्मास्त्र ›› तेहरान**

ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में रविवार को उनके तीन बेटे मसूद, मेयसम और मुस्तफा शामिल हुए। हालांकि खामेनेई के बेटे और उत्तराधिकारी मुजतबा खामेनेई समारोह से दूर रहे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इजराइल से जान का खतरा होने के कारण उन्होंने सार्वजनिक रूप से अंतिम संस्कार में हिस्सा नहीं लिया।

ईरान इंटरनेशनल की रिपोर्ट के मुताबिक, अंतिम संस्कार के दौरान लोगों ने ह्यकिल ट्रम्प' और ह्यकिल बीबीह्व (इजराइल के प्रधानमंत्री) के नारे लगाए। साथ ही, पूर्व सुप्रीम लीडर का बदला लेने की मांग की।

आज सोमवार को तेहरान की सड़कों से खामेनेई की भव्य अंतिम यात्रा निकाली जाएगी। इसमें लाखों लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। खामेनेई के ताबूत को शहर के प्रमुख मार्गों से ले जाया जाएगा। धार्मिक नेता, सरकारी अधिकारी और सेना के शीर्ष अधिकारी मौजूद रहेंगे।

ट्रम्प बोले- एक हमले में ईरानी लीडरशिप खत्म कर सकते थेः अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि खामेनेई के अंतिम संस्कार में ईरान का पूरा शीर्ष नेतृत्व मौजूद था और अमेरिका चाहता तो एक ही हमले में सभी को खत्म कर सकता था, लेकिन बातचीत का रास्ता खुला रखने के लिए ऐसा नहीं किया। ईरान बोला- अमेरिका के पास न सभ्यता, न सम्मानः ट्रम्प के बयान पर आर्मेनिया स्थित ईरानी दूतावास ने कहा, लोगों को मारा जा सकता है, लेकिन विचारों को नहीं। आपके पास न सभ्यता है, न इतिहास और न सम्मान।



भीषण गर्मी के बीच अंतिम यात्रा में लोगों पर पानी का छिड़कावः 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान के बावजूद हजारों लोग अंतिम विदाई देने पहुंचे। गर्मी से राहत के लिए फायर ब्रिगेड ने पानी का छिड़काव किया, जबकि लोगों को ठंडे पेय और तरबूज भी बांटे गए। ईरानी सेना बोली- सीजफायर के दौरान भी सैन्य ताकत बढ़ा रहेः ईरानी सेना के ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अकरमिनिया ने कहा कि सीजफायर का इस्तेमाल सेना अपनी ताकत बढ़ाने के लिए कर रही है।

# झारसुगुड़ा में पति बाइक पर बांधकर लाया पत्नी का शव

**ब्रह्मास्त्र ›› ओडिशा**

ओडिशा के झारसुगुड़ा में एक व्यक्ति पत्नी के शव को बाइक पर लाने मजबूर हो गया। लाइकेरा ब्लॉक के उडियापाली गांव में रहने वाले नरेश छत्रिया की पत्नी जमुना की मौत मुद्रजोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो गई थी। नरेश जमुना की तबीयत बिगड़ने पर उसे डॉक्टर के पास ले गया था। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नरेश ने शव को घर ले जाने के लिए एंबुलेंस मांगी। लेकिन काफी इंतजार के बाद भी उसे शव वाहन नहीं मिला।

मजबूरन नरेश, अपने पड़ोसी की बाइक पर पत्नी के शव को रखकर घर लेकर आया। मुंद्राजोर उल्डउ से लेकर ओडियापाली गांव की दूरी लगभग 5 किमी है। शनिवार 4 जुलाई को हुए इस पूरे घटनाक्रम का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें नरेश पत्नी के शरीर को चादर से ढंककर बाइक पर लेकर जाता दिख रहा है। नरेश ने पत्नी का पोस्टमॉर्टम नहीं करवाया, कहा- समाज को बड़ा भोज देना पड़ता

ओडिशा की कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि नरेश ने एंबुलेंस या शव वाहन आने का इंतजार ही नहीं किया। उसे डर था कि डॉक्टर उसकी पत्नी के शव का पोस्टमॉर्टम कर देंगे। अगर ऐसा होता तो उसे सामाजिक बहिष्कार और पूरे समाज को बड़ा भोज देना पड़ता। इसी डर से वह शव को बाइक पर ही घर ले आया। झारसुगुड़ा के उऊ्ब्ड डॉ. शक्ति प्रसाद पाधी ने कहा कि मुंद्राजोर उल्डउ में स्थायी शववाहन नहीं है। उनके अनुसार दूसरी जगह से वाहन की व्यवस्था की जा रही थी, लेकिन परिजन पोस्टमार्टम से इनकार करते हुए लिखित अंडरटेकिंग देकर शव अपने साथ ले गए।

# पाकिस्तानी फोर्स ने लोगों पर गोलियां चलाईं

## पाकिस्तान सरकार के खिलाफ 40 हजार प्रदर्शनकारी जुटे थे;

**ब्रह्मास्त्र ›› कराची**



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में रविवार को जम्मू-कश्मीर जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के शांतिपूर्ण प्रदर्शन रैली पर पाकिस्तानी फोर्स ने गोलियां चला दीं। अठक की रिपोर्ट के मुताबिक, खअअउ ने दावा किया कि अब्बासपुर के सरदार गुलाम हुसैन खान स्पोर्ट्स स्टेडियम में करीब 40 हजार लोग जुटे थे।

संगठन का आरोप है कि डुडियाल के अटइ इलाके में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे लोगों पर पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बिना उकसावे के गोलीबारी की, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। हालांकि, घायलों की आधिकारिक संख्या या पाकिस्तान प्रशासन की ओर से इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

यह प्रदर्शन इस्लामाबाद सरकार के खिलाफ है। साथ ही, यह आंदोलन नेताओं और कार्यकताओं की गिरफ्तारी, प्रशासनिक विफलताओं और बुनियादी अधिकारों की मांग को लेकर चल रहा है। संगठन ने गिरफ्तार नेताओं और कार्यकताओं की तुरंत रिहाई की मांग की है।

रिपोर्ट के अनुसार, डेरा इस्माइल खान में चल रहे धरना स्थल पर भी कई अलग-अलग इलाकों से लोगों के काफिले लगातार पहुंचते रहे। प्रदर्शन में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भी बड़ी भागीदारी बताई गई।

रावलाकोट और चक की महिलाएं भी सड़कों पर उतरकर आंदोलन का नेतृत्व कर रही हैं। संगठन का दावा है कि प्रदर्शनकारी प्रशासन के दबाव के बावजूद पीछे नहीं हटे।

अपील पर न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में रहने वाले कश्मीरी समुदाय ने भी प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने खअअउ के कोर कमेटी सदस्य शौकत नवाज मीर की गिरफ्तारी का विरोध किया और उनकी रिहाई की मांग की। शौकत नवाज मीर की गिरफ्तारी के बाद पूरे PoJK में तनाव बढ़ गया है। संगठन ने सोशल मीडिया पर रीलिज शौकत मीर अभियान चलाया, जिसके तहत लोगों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की। प्रदर्शन के दौरान लॉन्ग लिव कश्मीर और लॉन्ग लिव द पीपल जैसे नारे लगाए गए।

खअअउ ने सोशल मीडिया पर ढङ्क के 10 जिलों की अनुमानित आबादी का आंकड़ा साझा किया। संगठन के मुताबिक, यदि प्रत्येक जिले से 50 हजार लोग प्रदर्शन में शामिल हों तो कुल संख्या पांच लाख तक पहुंच सकती है। संगठन ने लोगों से सफेद झंडे के साथ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने और अनुशासन बनाए रखने की अपील की। उनका कहना है कि उद्देश्य दुनिया को यह संदेश देना है कि प्रदर्शन केवल बुनियादी अधिकारों की मांग के लिए है।कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने दावा किया कि शौकत नवाज मीर की गिरफ्तारी के बाद 600 से अधिक कार्यकताओं को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि 5 जुलाई को लंदन में भी पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन की तैयारी है।

### पुतिन-ट्रम्प में 90 मिनट तक बातचीत, यूक्रेन युद्ध खत्म कराने में मदद की पेशकश दोहराई



**ब्रह्मास्त्र ›› मास्को**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच 4 जुलाई को करीब 90 मिनट तक फोन पर बातचीत हुई। रूस के विदेश मंत्रालय के अनुसार, दोनों नेताओं ने यूक्रेन युद्ध समेत कई अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। मंत्रालय ने बातचीत को व्यावसायिक और रचनात्मक₹ बताया। रूस के अनुसार, पुतिन ने ट्रम्प और अमेरिकी नागरिकों को अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं दीं। बातचीत के दौरान ट्रम्प ने यूक्रेन युद्ध को जल्द समाप्त कराने में सहयोग देने की अपनी इच्छा दोहराई।

रूस ने कहा कि उसने एक बार फिर इस संघर्ष के राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान की वकालत की। वहीं मॉस्को का दावा है कि उसकी सेना युद्धक्षेत्र में बढ़त बनाए हुए है। दूसरी ओर रूस ने यूक्रेन और उसके यूरोपीय सहयोगियों पर संघर्ष को लंबा खींचने का आरोप लगाया। इस बीच यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने भी ट्रम्प से बातचीत की पुष्टि करते हुए इसे सकारात्मक बताया। उन्होंने कहा कि युद्ध समाप्त करने में अमेरिका की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

यह बातचीत नाटो के आगामी शिखर सम्मेलन से पहले हुई है, जहां यूक्रेन युद्ध प्रमुख मुद्दा रहने की संभावना है।

# ट्रम्प बोले-एक हमले में ईरानी लीडरशिप खत्म कर सकते थे:ईरान का जवाब- तुम्हारे पास न सभ्यता, न सम्मान

**ब्रह्मास्त्र ›› वाशिंगटन**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि खामेनेई के अंतिम संस्कार में ईरान का पूरा शीर्ष नेतृत्व मौजूद था और अमेरिका चाहे तो एक ही हमले में सभी को खत्म कर सकता था।

एक्सिओस से बातचीत में ट्रम्प ने कहा, ह्लहालांकि मैंने ऐसा नहीं किया, क्योंकि फिर बातचीत के लिए कोई नहीं बचता।ह्व ट्रम्प ने जनाजे में रो रहे लोगों पर भी तंज कसते हुए कहा कि शायद ये आंसू भी नकली हों।

ट्रम्प के बयान पर ईरान ने पलटवार किया। आर्मेनिया स्थित ईरानी दूतावास ने सोशल मीडिया पर लिखा, ह्ललोगों को मारा जा सकता है, लेकिन विचारों को नहीं। आपके पास न सभ्यता है, न इतिहास और न सम्मान।ह्व

दूसरी तरफ तेहरान के इमाम खुमैनी ग्रैंड मोसल्ला में खामेनेई के अंतिम दर्शन के लिए तीसरे दिन लाखों लोगों की भीड़ उमड़ी है। इस दौरान 'डेथ टु अमेरिका' और 'डेथ टु इजराइल' के नारे लगे।

अंतिम संस्कार में 100 ज्यादा देशों के प्रतिनिधिमंडल पहुंचेः अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में 100 से ज्यादा देशों के प्रतिनिधिमंडल भी शामिल हुए। तेहरान में अभूतपूर्व सुरक्षा और लोगों के लिए विशेष इंतजामः अंतिम संस्कार को देखते हुए सेना और पुलिस की भारी तैनाती की गई। मेट्रो और सरकारी बसें मुफ्त रहीं, होटलों में 50% तक छूट दी गई, 5,000 से ज्यादा स्कूलों में ठहरने की व्यवस्था की गई और दूसरे शहरों से विशेष ट्रेनें चलाई गईं। खामेनेई की अंतिम यात्रा 5 शहरों से गुजरेगीः अंतिम यात्रा तेहरान से शुरू होकर कोम, इराक के करबला और नजफ होते हुए 9 जुलाई को मशहद पहुंचेगी, जहां उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। ईरान ने अमेरिका से बातचीत रोकी, परमाणु ठिकानों के निरीक्षण से भी इनकारः अंतिम संस्कार के दौरान अमेरिका-ईरान के बीच चल रही अप्रत्यक्ष वार्ता फिलहाल रोक दी गई है। साथ ही ईरान ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (क्अएअ) को फोर्डो, नतांज और इस्फहान परमाणु ठिकानों के निरीक्षण की अनुमति देने से इनकार कर दिया। ट्रम्प का दावा- ईरान को अंतिम संस्कार के लिए एक हफ्ते की मोहलत दीः ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने मानवीय आधार पर ईरान को अंतिम संस्कार पूरा करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। उन्होंने दावा किया कि इसके बाद ईरान को अमेरिकी शर्तें माननी होंगी। ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में उनके तीन बेटे- मुस्तफा, मसूद और मेयसम खामेनेई शामिल हुए। तीनों ने तेहरान के इमाम खोमैनी ग्रैंड मोसल्ला में अपने पिता और हमले में मारे गए परिवार के अन्य चार सदस्यों को अंतिम श्रद्धांजलि दी। हालांकि, खामेनेई के उत्तराधिकारी और नए सुप्रीम लीडर मोजतबा खामेनेई इस दौरान नजर नहीं आए। मुस्तफा खामेनेई (64): मुस्तफा खामेनेई के सबसे बड़े बेटे और शिया धर्मगुरु हैं। उनकी राजनीतिक भूमिका सीमित रही है और फिलहाल वह ईरानी सरकार में किसी पद पर नहीं हैं। हालांकि, धार्मिक जगहों में उन्हें प्रभावशाली माना जाता है।

■ वर्ष-12 अंक-243 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 06 जुलाई, 2026

### सुभाषितानि

पृथ्वियां त्रीणि रत्नानि जलमन्नम सुभाषितं।
मूढ़े : पाधानखंडेषु रत्नसंज्ञा विधीयते।।

**भावार्थ** : पृथ्वी पर तीन रत्न हैं: जल, अन्न और उत्तम वाणी। मूर्ख लोग टुकड़ों को पत्थर का रत्न कहते हैं।

कृते प्रतिकृतं कुर्यात्ताडिते प्रतिताडितम्।
करणेन च तेनैव चुम्बिते प्रतिचुम्बितम्।।

**भावार्थ** : हर क्रिया का उत्तर होना चाहिए। प्रत्येक हिट के लिए एक पारस्परिक लात और प्रत्येक चुंबन के लिए एक ही तर्क के साथ एक पारस्परिक चुंबन।

## इस्रो-संस्थायां दीर्घकालं यावत् कार्यं कृत्वा एतयोः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

स्काईरूट् एरोस्पेस् इत्यस्य स्थापना इस्रो इत्यस्य पूर्ववैज्ञानिकाः, आईआइटी-पूर्वविद्यार्थिनः च पवनचन्दना, भारतडाका च कृतवन्तः। इस्रो-संस्थायां दीर्घकालं यावत् कार्यं कृत्वा एतयोः द्वयोः निजी-अन्तरिक्ष-क्षेत्रे उद्यमः अभवत्, भारतस्य प्रथम-निजी-रॉकेट-कम्पनीयाः वैश्विक-मान्यता च प्राप्ता। २०२२ तमस्य वर्षस्य नवम्बरमासे कम्पनी स्वस्य उपकक्षीय-रॉकेटं विक्रम-एस इति सफलतया प्रक्षेप्य इतिहासं रचयति स्म। एतेन प्रथमवारं भारतीयनिजीकम्पनी अन्तरिक्षे रॉकेटं सफलतया प्रक्षेपितवती। तया एव सफलतायाः कारणात विक्रम-१ इत्यादीनां प्रमुखस्य कक्षीय-अभियानस्य आधारः स्थापितः।

## सम्पादकीयम्

### अन्यत् परीक्षा अन्यत् त्रुटिः

अन्यत् परीक्षा, अन्यत् त्रुटिः... एनटीए-व्यवस्थायां कदा सुधारः भविष्यति? इत्यस्य समये सहस्राणि छात्राः अभिभावकाः च तान्त्रिकदोषाणां कारणेन दुःखस्य सामनां कृतवन्तः, येन एनटीए-कार्यक्षमतायाः विषये ताजाः प्रश्नाः उत्पन्नाः। नीट् इत्यादिपरीक्षाणां विषये अपि पूर्वं विवादाः उत्पन्नाः सन्ति। केवलं सुधारात्मकपरिहारः अपर्याप्तः इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते; उत्तरदायित्वं, दृढनिवारकतन्त्राणि च अत्यावश्यकानि सन्ति। अन्यः परीक्षा, अन्यः त्रुटिः–एतत् कथनं राष्ट्रियपरीक्षणसंस्थायाः सह पुनरावृत्तिः भवति। नीट-यूजी इत्यस्य समये दृष्टा अराजकता निराशाजनकम् आसीत्। अत्यन्तं कुण्ठितं तथ्यं यत् एजन्सी स्वप्रतिज्ञां न पूरयति, पुनर्प्राप्तेः कोऽपि स्पष्टः मार्गः न दृश्यते। पुनः परीक्षा : विश्वविद्यालयप्रवेशार्थं क्रियमाणस्य नीट-यूजी इत्यस्य समये देशे सर्वत्र छात्राः अभिभावकाः च तकनीकीविषयाणां कारणेन घण्टाभिः चिन्तायाः सामनां कृतवन्तः। अनेकस्थानेषु परीक्षा विलम्बेन आरब्धा, अन्येषु तु सर्वथा कर्तुं न शक्यते स्म। एनटीए ३७६५ छात्राणां पुनः परीक्षायाः घोषणां कृतवती अस्ति। यद्यपि एजन्सी इत्यस्य दोषाणां स्वीकारः एकं सोपानं अग्रे अस्ति तथापि वास्तविकः प्रश्नः अस्ति यत् एतत् किमर्थं भवति एव?

#### कथितस्य पाकिस्तानसम्बद्धस्य जासूसजालस्य

## वित्तपोषणस्य प्रमुखः आघातः, राजस्थान सीआईडी औरंगाबाद से आरोपी नब

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जयपुर




राष्ट्रियसुरक्षासम्बद्धे महत्त्वपूर्णे विकासे राजस्थानस्य सीआईडी (गुप्तचर) इत्यनेन महाराष्ट्रस्य औरंगाबादनगरस्य निवासी रफीकचन्दशेखः पाकिस्तानेन सह सम्बद्धस्य कथितस्य जासूसीजालस्य वित्तपोषणस्य आरोपेण गृहीतः। अन्वेषणसंस्थानां मते अभियुक्तः प्रायः चतुर्वर्षेभ्यः अस्य जालस्य सम्पर्कं कुर्वन् आसीत्, सः स्वनाम्ना उद्घाटितानां बैंकखातानां माध्यमेन अन्येषां नामानां माध्यमेन च संदिग्धकार्यक्रमेषु सम्बद्धानां व्यक्तिनां कृते धनस्य स्थानान्तरणस्य सुविधां कुर्वन् आसीत् तस्य गृहीतत्वं अस्य कथितस्य सीमापारगुप्तचरजालस्य वित्तीयकार्यक्रमस्य प्रमुखदमनरूपेण दृश्यते।

राजस्थानस्य सीआईडी (गुप्तचर) इत्यस्य अन्वेषणेन ज्ञातं यत् रफीकचन्दशेखः सोशल मीडियाद्वारा पाकिस्तानेन सह सम्बद्धानां संदिग्धहैण्डलरानाम् सम्पर्कं प्राप्तवान्। प्रारम्भिकपरीक्षाः सूचयन्ति यत् सः बहुविधं बैंकखाताः उद्घाटितवान्-स्वस्य नाम्ना अन्येषां व्यक्तिनां च-यत् कथितं यत् जालस्य सहकारिभ्यः धनं प्रवाहयितुं उपयुज्यते स्म अधुना अन्वेषणसंस्थाः एतेषां खातानां सह सम्बद्धानां व्यवहारानां, धनस्रोतानां, लाभार्थीनां च विस्तृतां अन्वेषणं कुर्वन्ति।

अधिकारिणः अवदन् यत् अभियुक्तः विगतचतुर्वर्षेभ्यः एतेषु कार्येषु सक्रियः अस्ति। सः औरंगाबादनगरे कुक्कुटपालनक्षेत्रं चालयति स्म, अस्य व्यापारस्य आच्छादनेन स्वस्य शङ्कितकार्यं मुखमण्डनं कर्तुं प्रयतते स्म। अन्वेषकाः मन्यन्ते यत् सः स्वस्य वित्तीयव्यवहारस्य शङ्कायाः रक्षणार्थं नियमितव्यापारसञ्चालनस्य उपयोगं कृतवान्।

अस्मिन् वर्षे जनवरीमासे प्रकाशं प्राप्तयोः महत्त्वपूर्णप्रकरणयोः अन्वेषणकाले कृता प्रगतेः परिणामः अयं गृहीतः। २०२६ तमस्य वर्षस्य जनवरीमासे राजस्थानस्य सीआइडी-संस्थायाः जैसलमेर-नगरस्य निवासी झबराराम:, असमस्य डिब्रुगढ-नगरस्य वायुसेनास्थानके नियुक्तः सुमितकुमारः च गृहीताः आसन् उभौ संवेदनशीलसूचनाः लीकं कृतवन्तः इति आरोपः आसीत्। अन्वेषकाः एतेषु प्रकरणेषु सम्बद्धानां वित्तीयसम्बद्धानां अन्वेषणं कुर्वन्तः आसन् तदा रफीकचन्दशेखस्य नाम प्रकाशितम्। तदनन्तरं तस्य कार्याणि निरीक्षितानि, पर्याप्तप्रमाणानि सङ्गृहीताः सन् सः गृहीतः। गृहीतस्य अनन्तरं अभियुक्तः न्यायालये प्रस्तुतः, तदनन्तरं षड्दिनानि यावत् पुलिस-निग्रहे प्रेषितः। अधुना राजस्थानस्य सीआईडी (गुप्तचर) इत्यस्य दलं अभियुक्तानां बैंकखातानां, वित्तीयव्यवहारस्य, डिजिटल-अभिलेखानां, मोबाईल-दत्तांशस्य, सहकारिणां च सम्यक अन्वेषणं कर्तुं औरंगाबाद-नगरम् आगतं अस्ति। अधिकारिणां शङ्का अस्ति यत् प्रश्नोत्तरेण जालसम्बद्धाः अन्ये व्यक्तिः अपि च वित्तपोषणस्य नूतनाः स्रोताः अपि प्रकाशिताः भवितुम् अर्हन्ति। अन्वेषणसंस्थाः सम्पूर्णस्य प्रकरणस्य वित्तीयपन्थानां सावधानीपूर्वकं परीक्षणं कुर्वन्ति। ते बैंकखातेषु निक्षिप्तधनस्य उत्पत्तिं अनुसन्धानं कुर्वन्ति, ग्राहकलेखानां परिचयं कुर्वन्ति, धनस्य उपयोगः कस्मात् परमप्रयोजनाय अभवत् इति निर्धारयन्ति च तदतिरिक्तं सामाजिकमाध्यमेन डिजिटलमञ्चैः च स्थापितानां सम्पकानाम् अवलोकनं क्रियते।

#### २०२५ तमे वर्षे

## विधानसभानिर्वाचनस्य आँकडानि दृष्ट्वा ज्ञायते

ब्रह्मास्त्र ▸▸ पटना

एतत् सन्दर्भं दृष्ट्वा प्रशांतकिशोरस्य सम्भाव्यप्रत्याशिततायाः कारणात् निर्वाचनप्रतियोगिता पूर्वापेक्षया दूरतरं रोचकं कर्तुं शक्यते। २०२५ तमे वर्षे विधानसभानिर्वाचनस्य आँकडानि दृष्ट्वा ज्ञायते यत् भाजपायाः नितिन नवीनः अत्र महतीं विजयं प्राप्तवान्। सः कुलमतानां ९८,२९९ मतं प्राप्तवान्, यत् कुलमतानां प्रायः ६२.६६ प्रतिशतं मतं प्राप्तवान्। राष्ट्रीयजनतादलस्य प्रत्याशी रेखा कुमारी ४६,३६३ मतं प्राप्य द्वितीयस्थानं प्राप्तवती, जन सूराज पार्टी प्रत्याशी वंदना कुमारी केवलं ७,७१७ मतं प्राप्तवती। तदतिरिक्तं नोटा-पक्षे १४६४ मतं प्राप्तम्, आम आदमीपक्षस्य प्रत्याशी पंकजकुमारस्य ७९० मतं, निर्दलीयप्रत्याशी रविकुमारस्य ६६६ मतं प्राप्तम्। अन्ये सप्त अभ्यर्थिनः सामूहिकरूपेण १५८६ मतं प्राप्तवन्तः।

राजनैतिकविश्लेषकाणां मतं यत यदि प्रशांतकिशोरः स्वयमेव मैदानं प्रविशति तर्हि पूर्वनिर्वाचनस्य तुलने जनसूरजः अस्मिन् आसने महत्त्वपूर्णतया अधिकं राजनैतिकभूमिं प्राप्तुं शक्नोति। अयं उपनिर्वाचनः स्पष्टतया दर्शयिष्यति यत निर्वाचनरणनीतिज्ञत्वेन तस्य परिचयः, बिहारे तस्य निरन्तरं जनप्रसारप्रचाराः, सर्वकारे आक्रमणानि च मतदातानां उपरि यत् प्रभावं जनयन्ति। अपरपक्षे भाजपा स्वस्य पारम्परिकमतबैङ्कस्य, संगठनात्मकशक्तेः च लाभं गृहीत्वा एतत् आसनं धारयितुं प्रयतते। बांकीपुरविधानसभाक्षेत्रस्य निर्वाचनपरिणामेन आगामिबिहारविधानसभानिर्वाचनस्य दिशाविषये अपि संकेताः दातुं शक्यन्ते। यदि भाजपा अत्र स्वस्य दुर्गस्य रक्षणं कर्तुं सफला भवति तर्हि एनडीए-सर्वकाराय मनोवैज्ञानिकं लाभं प्रदास्यति। तद्विपरीतम् यदि प्रशांतकिशरः प्रबलं चुनौतीं स्थापयति अथवा विजयं सुरक्षितं करोति तर्हि 'जनसूरज' बिहारे नूतनः प्रभावशाली।

### राशिफल

**मेष** : आज धन का आगमन होगा। सेहत के मामले में फिटनेस पर ध्यान दें। अचानक खर्चे सामने आ सकते हैं।

**वृषभ** : पैसे कमाने में कोई प्रॉब्लम नहीं आएगी। कुछ लोगों को ओवरटाइम करना पड़ सकता है। आज बड़ी रकम इन्वेस्ट करने से बचें।

**मिथुन** : अपने काम पर फोकस करें। गॉसिप से दूर रहें। जरूरत पड़ने पर फैमिली या पार्टनर से सलह लें।

**कर्क** : समय-समय पर ब्रेक जरूर लेते रहें। आपका दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने वाला है।

**सिंह** : तनाव दूर करने के लिए मेडिटेशन करें। आपका दिन काफी बिजी साबित हो सकता है। बहुत ज्यादा प्रेशर न लें।

**कन्या** : आज का दिन आलस भरा साबित हो सकता है। काम को समय पर पूरा करने पर फोकस रखें।

**तुला** : आपका दिन बदलावों से भरपूर रहने वाला है। काम के सिलसिले में विदेश की यात्रा के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक** : लॉन्ग डिस्टेंस रिलेशन वालों को आज ही प्रेम जीवन में आ रही दिक्कतों पर फोकस करना चाहिए।

**धनु** : समय पर काम ना पूरा होने से सीनियर्स या मैनेजमेंट की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। बाहर के खाने से परहेज करें।

**मकर** : हाल ही में हुई किसी डील से भारी मात्रा में धन-लाभ हो सकता है। प्रेम जीवन में चल रही दिक्कतें सॉल्व हो जाएंगी।

**कुंभ** : आज के दिन सेल्फ लव पर फोकस करना चाहिए। करियर में अपनी जगह बनाने के लिए मेहनत ज्यादा करनी पड़ेगी।

**मीन** : सेहत के मामले में लापरवाही न बरतें। आज आपको भारी मात्रा में धन लाभ हो सकता है।

### ज्योतिष/वास्तु

## सूर्य गोचर से इन चार राशि वालों का पलटेगा समय, मिलेगा मान-सम्मान और करियर में करेंगे तरक्की

ज्योतिष अनुसार, सूर्य का यह गोचर कई राशियों के लिए नई उम्मीद लेकर आ सकता है। इस समय जातकों को सफलता और सम्मान प्राप्त हो सकता है।

ज्योतिष गणना के अनुसार, 16 जुलाई 2026 को सूर्य देव चंद्रमा की राशि कर्क में प्रवेश करने जा रहे हैं। सूर्य और चंद्रमा के संबंध अनुकूल माने जाते हैं, ऐसे में यह गोचर कई जातकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आ सकता है। खासतौर पर कुछ राशियों के लिए यह समय भाग्य वृद्धि, धन लाभ, करियर में तरक्की और भौतिक सुख देने वाला साबित हो सकता है। कुछ लोगों को पैतृक संपत्ति, निवेश और नई योजनाओं से भी लाभ मिलने के संकेत हैं। इसके अलावा समाज में मान-सम्मान और आत्मविश्वास भी बढ़ने की अधिक संभावनाएं हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के स्वामी स्वयं सूर्य देव हैं और इस गोचर के दौरान सूर्य आपकी कुंडली के द्वादश भाव में प्रवेश करेंगे। यह समय आपके लिए आर्थिक मामलों में राहत देने वाला साबित हो सकता है। मार्केट में फंसा धन वापिस आ सकता है। लंबे समय से अटका काम अब पूरा होता नजर आएगा। हर जगह आपके काम की सराहना होगी। वरिष्ठ अधिकारी आपके प्रदर्शन से प्रभावित हो सकते हैं।



**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि वालों के लिए सूर्य आपकी कुंडली में कर्म भाव के स्वामी होकर भाग्य भाव में गोचर करने जा रहे हैं। यह गोचर आपके भाग्य को मजबूत करने वाला माना जा रहा है। व्यापार से जुड़े लोगों को नई योजनाओं पर काम करने का अवसर मिलेगा, जिससे भविष्य में अच्छा लाभ कमाया जा सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य अब गति पकड़ सकते हैं और कई महत्वपूर्ण काम आसानी से पूरे हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है।

**धनु राशि-** धनु राशि वालों के लिए सूर्य देव आपकी कुंडली में भाग्य भाव के स्वामी माने जाते हैं और अब यह आपके अष्टम भाव में गोचर करेंगे। परिवार में काफी समय से चल रही परेशानियां धीरे-धीरे समाप्त हो सकती हैं और घर का वातावरण पहले से अधिक सुखद रहेगा। मानसिक तनाव कम होगा और आत्मविश्वास में वृद्धि देखने को मिलेगी। जो लोग लंबे समय से नौकरी बदलने की सोच रहे हैं उन्हें बेहतर अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आर्थिक मामलों में मजबूती आएगी और भविष्य की योजनाओं पर काम शुरू कर सकते हैं।

**मीन राशि-** मीन राशि वालों के लिए सूर्य का यह गोचर काफी शुभ परिणाम देने वाला माना जा रहा है। आपकी कुंडली के पंचम भाव में सूर्य का प्रवेश होने से शिक्षा, संतान, प्रेम संबंध और करियर के क्षेत्र में अच्छे बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सामाजिक स्तर पर आपका सम्मान बढ़ेगा और लोगों के बीच आपकी छवि मजबूत होगी। उच्च शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को भी अच्छे परिणाम मिलने के संकेत हैं। विदेश से जुड़े कार्यों में भी सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

#### :नॉर्वे ने 2-1 से हराया, पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा, इंग्लैंड भी जीता

## ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर, नेमार ने रिटायरमेंट लिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईस्ट रदरफोर्ड



5 बार का चैंपियन ब्राजील फुटबॉल वर्ल्ड कप से बाहर हो गया है। नॉर्वे ने सोमवार को प्री क्वार्टर फाइल में ब्राजील को 2-1 से हराया। नॉर्वे पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है। अब उसका मुकाबला इंग्लैंड से होगा। इंग्लिश टीम ने प्री क्वार्टर फाइनल में मेजबान मैक्सिको को 3-2 से हराया।

ब्राजील के स्टार फुटबॉलर नेमार ने इस हार के बाद संन्यास ले लिया है। उन्होंने अमेरिका के न्यू जर्सी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में ब्राजील की ओर से एकमात्र गोल किया। नॉर्वे की ओर से एरलिंग हालैंड ने दोनों गोल दागे।

34 साल नेमार ने कहा, 'मैंने पूरी कोशिश की। मेरा सफर यहीं से शुरू हुआ था और अब यहीं खत्म हो गया। ब्राजील के लिए मेरा अध्याय अब समाप्त हो चुका है।' उन्होंने 2010 में इसी मैदान (तत्कालीन मेटलाइफ स्टेडियम) पर अमेरिका के खिलाफ ब्राजील के लिए डेब्यू किया था।

ब्राजील के पास पहले हाफ में 15वें मिनट के करीब बढ़त लेने का सुनहरा मौका मिला। श्अफ रिव्यू के बाद टीम को पेनल्टी मिली, लेकिन ब्रूनो गुइमारेस का शॉट नॉर्वे के अनुभवी गोलकीपर ऑर्जन नीलैंड ने डाइव लगाकर रोक दिया। नीलैंड ने इसके बाद भी गेब्रियल मार्टिनेली और विनीसियस जूनियर के प्रयास नाकाम किए और पहले हाफ में स्कोर 0-0 बनाए रखा।

दूसरे हाफ में ब्राजील के युवा स्ट्राइकर एंड्रिक ने आसान मौका गंवाया। इसके बाद नॉर्वे ने जवाबी हमला बोला। 72वें मिनट में एंड्रियास शेल्डरप ने बाएं छोर से बेहतरीन क्रॉस दिया, जिस पर एरलिंग हालैंड ने जोरदार हेडर लगाकर नॉर्वे को 1-0 की बढ़त दिलाई।

हालैंड दूसरा गोल कर मेसी की बराबरी पर आए इंजरी टाइम से ठीक पहले हालैंड ने दूसरा गोल करते हुए डिफेंडर डेनिलो के पैरों के बीच से गेंद निकालकर गोल दागा और स्कोर 2-0 कर दिया। यह इस टूनामेंट में उनका छठा और सातवां गोल रहा। इसके साथ ही वह गोल्डन बूट की दौड़ में लियोनेल मेसी और किलियन एमबाप्पे की बराबरी पर पहुंच गए।

**नेमार का गोल भी नहीं बचा सका ब्राजील-** इंजरी टाइम के 10वें मिनट में नेमार ने पेनल्टी पर गोल कर स्कोर 2-1 जरूर किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। यह गोल सिर्फ हार का अंतर कम कर सका। ब्राजील 1990 के बाद पहली बार वर्ल्ड कप से इतने शुरूआती चरण में बाहर हुआ।



### नेमार का शानदार इंटरनेशनल करियर समाप्त

लगातार चोटों से जूझ रहे नेमार इस वर्ल्ड कप में सिर्फ दो मैच खेल सके। नॉर्वे के खिलाफ वे दूसरे हाफ में उतरे और पेनल्टी पर गोल किया। ब्राजील के कप्तान मार्किन्योस ने कहा, 'अब नई पीढ़ी के खिलाड़ियों का समय है। हमें उम्मीद है कि ब्राजील के फैंस उन्हें धैर्य और पूरा समर्थन देंगे।' 4 वर्ल्ड कप में गोल करने की पेले की बराबरी की नेमार ने 130 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। ब्राजील के लिए उनसे ज्यादा मैच सिर्फ काफू (142) ने खेले। अपने अंतिम मैच में गोल कर नेमार ने दिग्गज पेले के एक रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली है। दोनों खिलाड़ियों ने 4-4 फीफा वर्ल्ड कप में गोल किए हैं। नेमार अंतरराष्ट्रीय गोल करने के मामले में पेले से तीन गोल आगे हैं। पेले के नाम 77 गोल हैं।

## जोकोविच ने फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ गॉल

नोवाक जोकोविच विंबलडन के इतिहास में सबसे ज्यादा मैच जीतने वाले पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। चौथे दौर में 39 साल के जोकोविच ने रूस के क्वालिफायर रोमान सफीउलिन को 7-6 (8-6), 6-3, 3-6, 6-3 से हराकर अपनी 106वीं जीत दर्ज की। इसके साथ ही उन्होंने रोजर फेडरर (105 जीत) का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। अब पूरे विंबलडन इतिहास में उनसे आगे केवल मार्टिना नवरातिलोवा हैं, जिनके नाम 120 जीत हैं। इस जीत के साथ जोकोविच ने रिकॉर्ड 17वीं बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अब उनका मुकाबला कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से होगा। 132वीं रैंकिंग के रोमान सफीउलिन ने जोकोविच को कड़ी टक्कर दी। मैच की शुरूआत में जोकोविच को आंखों में परेशानी हुई। तीसरे सेट में सफीउलिन ने उनकी सर्विस ब्रेक की तो जोकोविच गुस्से में गेंद को दूसरी ओर मार बैठे। अंपायर ने उन्हें चेतावनी दी, जबकि दर्शकों ने भी हूटिंग की। मैच के बाद नोवाक जोकोविच ने रोमान सफीउलिन से गले मिला।

## ऑस्ट्रेलिया सातवीं बार विमेंस टी-20 वर्ल्डकप चैंपियन

#### फाइनल में इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया




ब्रह्मास्त्र ▸▸ लॉर्ड्स

ऑस्ट्रेलिया ने सातवीं बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया। लॉर्ड्स में खेले गए फाइनल में टीम ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया। ऑस्ट्रेलिया ने 151 रन का लक्ष्य 17 बॉल रहते 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

बेथ मूनी ने 49 गेंदों पर 64 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। इसमें 10 चौके शामिल रहे। फीबी लिचफील्ड ने 35 गेंदों पर 48 रन बनाए। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। अंत में एलिस पेरी (13)* और एश्ले गार्डनर (3)* ने टीम को जीत दिलाई। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल, चार्ली डीन और सोफी एक्लस्टन ने 1-1 विकेट लिए।

इससे पहले टॉस हारकर पहले बैटिंग कर रही इंग्लैंड ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 150 रन बनाए। कप्तान नैट सिवर-ब्रंट ने नाबाद 58 रन और फ्रेया कैम्प ने नाबाद 44 रन की पारी खेली। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया की ओर से लूसी हैमिल्टन, एनाबेल सदरलैंड, सोफी मोलिन्यू और किम गार्थ ने 1-1 विकेट लिया।

## खबर एक नजर...

### छात्र का गुम मोबाइल 3 माह बाद झाबुआ से मिला



**उज्जैन।** हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रहे छात्र अमरसिंह भारिया का मोबाइल दो तालाब क्षेत्र में गुम हो गया था। छात्र ने अपना आई फोन गुम होने की शिकायत नीलगंगा थाना पुलिस को दर्ज कराई थी। पुलिस ने मोबाइल की लोकेशन का ट्रेस करना शुरू किया गया था। 3 माह बाद आरक्षक लोकेन्द्र प्रजापति ने मोबाइल को झाबुआ से खोज निकाला। आई फोन (मोबाइल) चला रहे व्यक्ति ने बताया कि उसे मोबाइल मिला था, आरक्षक ने मोबाइल की शिकायत दर्ज होने पर लौटाने की बात कही। उक्त व्यक्ति ने मोबाइल पुलिस को सौंप दिया। मोबाइल मिलने पर आरक्षक ने छात्र को थाने बुलाकर उसका मोबाइल वापस लौटा दिया। मोबाइल मिलने पर छात्र ने पुलिस का आभार माना। पुलिस द्वारा लगातार गुम मोबाइल खोजने का अभियान चलाया जा रहा है। कुछ दिन पहले ही लाखों के मोबाइल नीलगंगा थाना पुलिस ने वापस मोबाइल धारकों को लौटाये थे।

### मीडियाकर्मी पर स्कूटी सवार 2 युवकों ने किया हमला

**उज्जैन।** माधवनगर थाना क्षेत्र के दो तालाब पंचमपुरा मोड़ पर रविवार सुबह मीडियाकर्मी जगदीश पिता हीरालाल परमार निवासी अरिहंत कालोनी का स्कूटी से आये 2 युवकों ने रास्ता रोका और लोहे के पाइप से हमला कर दिया। मीडियाकर्मी कुछ समझ पाता दोनों युवको ने ताबातोड़ वार किये और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मीडियकर्मी घायल हो गया, उसे लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। मामले की सूचना मिलने पर माधवनगर थाना पुलिस ने जगदीश परमार की शिकायत पर 2 अज्ञात युवकों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया। जिस स्थान पर हमला हुआ उसके आसपास लगे कैमरों के फुटेज देख हमला करने वालों की पहचान के प्रयास किये जा रहे है। घायल जगदीश का कहना था कि उसने हमला करने का कारण पूछने का प्रयास किया लेकिन दोनों भाग निकले थे।

### परिचित को प्रसाद देने गये वृद्ध की करंट लगने से हुई मौत

**उज्जैन।** कायथा सोसायटी में सेल्समेन का काम करने वाले चंद्रशेखर पिता श्यामराव निगम 60 भादवा माता मंदिर दर्शन करने गया था। जहां लौटने पर वह ग्राम भैरूपुरा में रहने वाले परिचित सेवाराम आंजना के यहां शनिवार देर शाम प्रसाद देने पहुंचा था। इस दौरान दोनों बाहर खड़े होकर बातचीत कर रहे थे, तभी चंद्रशेखर ने वहां लगे बिजली के पोल पर हाथ रख दिया। पोल में करंट फैल रहा था, चंद्रशेखर करंट की चपेट में आ गया। उसे सेवाराम और बबलू पटेल स्थानीय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से उज्जैन रैफर किया गया। रात में चरक अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद चंद्रशेखर को मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह अस्पताल पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि 2 बच्चों के पिता थे। बारिश के मौसम में करंट लगने की घटनाएं एकाएक बढ़ गई है। शनिवार को 2 मामले सामने आये थे। पंथपिपलाई में पोल पर संधारण कार्य करते समय बिजली कंपनी के आउटसोर्स आपरेटर सुनील सोलंकी की मौत हो गई थी वहीं दाऊदखेड़ी में खेत पर चौकीदारी करने वाले 60 वर्षीय लीलाधर पिता मांगीलाल करंट की चपेट में आ गये थे। जिनकी अस्पताल ले जाने पर मौत होना सामने आया था।

### महिदपुर पुलिस का संदेश सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा

**उज्जैन।** साइबर अपराधों के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान सेफ क्लिक 2.0 पूरे जिले में पुलिस विभाग की ओर से चलाया जा रहा है। महिदपुर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार की टीम स्कूलों से लेकर बाजारों और गली-मोहल्लों में घरो तक पहुंच सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा का संदेश लोगों को दे रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि थाना स्टॉफ की टीम बस स्टेंड, विजय स्तंभ, फकीर मोहल्ला, ग्राम पंचायत नारायणा, अयोध्या बस्ती, कटन चौराहा, सहित कस्बे के हर क्षेत्र में साइबर अपराधों से बचने के लिये लोगों को जागरूक करने पहुंची रही है। पिछले कुछ दिनों में पुलिस टीम द्वारा स्कूलों के अलावा बाजार में 4 हजार से अधिक लोगों से प्रत्यक्ष मिलकर अंजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, ओटीपी और पासवर्ड शेयर नहीं करने, क्यूआर कोड स्कैन करते समय सावधानी रखने और वीडियो कॉल पर पुलिस द्वारा गिरफ्तारी नहीं करने की जानकारी दी। साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज करने की बात से भी अवगत कराया।

### रोटरी क्लब ने पौधारोपण कर किया नए रोटरी वर्ष 2026-27 का आगाज

**उज्जैन।** रोटरी क्लब उज्जैन ने रविवार 5 जुलाई को बड़नगर रोड स्थित अर्जी वाले हनुमान मंदिर पर वसुंधरा हरियाली संस्था के साथ मिलकर पौधारोपण किया। इसी के साथ क्लब के नए रोटरी वर्ष 2026-27 की शुरूआत की गई। इस दौरान मंदिर परिसर में आम, जामुन एवं रुद्राक्ष के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में आश्रम के महामंडलेश्वर श्री प्रेमानंद पुरी स्वामी महाराज और महामंडलेश्वर आनंदी जी का सान्निध्य मिला। सभी उपस्थित सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण और भविष्य में भी निरंतर पौधारोपण करने का संकल्प लिया। आयोजन में रोटेरियन केके पवार एवं अजय शर्मा की सक्रिय सहभागिता रही।

1 3 6

---

अहमदाबाद सीरियल बम धमाकों के आतंकी को शनिवार रात उज्जैन लाया गया

# बेटी की शादी में आया आतंकी, बेगमबाग में कड़ी सुरक्षा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अहमदाबाद सीरियल बम धमाकों के आतंकी को शनिवार रात उज्जैन लाया गया। उसके पहुंचते ही बेगमबाग क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था कर दी गई। आतंकी रविवार को अपनी बेटी की शादी में शामिल हुआ। आज उसे वापस साबरमती जेल अहमदाबाद ले जाया जायेगा। आतंकी को आजीवन कारावास की सजा हुई है।

वर्ष 2008 में अहमदाबाद के कई स्थानों पर सीरियल बम धमाकों की आतंकी घटना सामने आई थी। धमाकों में 56 लोगों की मौत हुई थी। 200 से अधिक घायल हुये थे। एंटी टेररिज्म स्क्वाड़ ने 50 से अधिक आतंकियों को गिरफ्तार किया था। उज्जैन जिले से 5 आतंकी दबोचे गये थे। उन्ही में शामिल महाकाल थाना क्षेत्र के बेगमबाग में रहने वाली आतंकी अबरार खान को शनिवार रात उज्जैन लाया गया। महाकाल थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि आतंकी अबरार की बेटी का निकाह होने पर उसे न्यायालय की अनुमति से अहमदाबाद स्थित साबरमती जेल गुजरात पुलिस उज्जैन लेकर आई है। रविवार को उसकी बेटी का निकाह हुआ, जिसमें वह शामिल हुआ। बम धमाकों के आरोपी के उज्जैन पहुंचने पर बेगमबाग क्षेत्र में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी की गई थी। गुजरात-अहमदाबाद पुलिस के साथ महाकाल थाना और पुलिस लाइन का बल तैनात किया गया है। सोमवार सुबह 6 बजे उसे गुजरात-अहमदाबाद पुलिस की टीम वापस साबरमती जेल लेकर लौटेगी। बेटी के निकाह के दौरान उसकी सभी गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी।



**रात में उज्जैन लेकर आई पुलिस, आज वापस जायेगा साबरमती जेल**

#### पिछले साल आया था शफीक अंसारी

अहमदाबाद बम धमाकों को उज्जैन का एक आतंकी मोहम्मद शफीक अंसारी उज्जैन के चिमनगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पिछले साल जून माह में वह अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने कड़ी सुरक्षा में उज्जैन आया था। उस दौरान भी स्थानीय पुलिस की सुरक्षा का कड़ा पहरा लगाया गया था। उज्जैन जिले के 4 आतंकी बम धमाकों में शामिल थे। जिसमें कमरुद्दीन नागौरी, मोहम्मद शफीक अंसारी, मोहम्मद अबरार खान और महिदपुर का सफदर नागौरी शामिल है। जिसमें से मोहम्मद शफीक और अबरार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। वहीं 2 अन्य आतंकियों को फांसी की सजा हुई है।

#### 2022 में 49 आतंकियों को सजा

वर्ष 2008 में अहमदाबाद में हुये सीरियल बम धमाकों में शामिल 50 से आतंकियों को देशभर के अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किया गया था। 24 साल बाद वर्ष 2022 में न्यायालय ने 49 आतंकियों को सजा सुनाई थी। जिसमें 38 का मौत की सजा फांसी दी गई है। वहीं 11 को आजीवन कारावास में रखने का फैसला सुनाया गया था। सभी आतंकियों ने 70 मिनट में 21 धमाके किये थे।

---

हरिफाटक ब्रिज के पास बाइक पर गिरा बिजली का तार

## आधे घंटे में पहुंचा बिजली विभाग, युवक की मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हरिफाटक ब्रिज के पास रविवार 8 बजे के लगभग बड़ा हादसा हो गया। बारिश और हवा के बीच हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर बाइक सवारों पर गिर गया। 2 युवक झटका लगते ही दूर चले गये। बाइक सवार के पैर में तार उलझ गया। करंट लगने से उसकी जान चली गई।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि हरिफाटक ब्रिज के पास क्षिप्रा होटल के सामने 11 केवी बिजली लाइन का तार टूटकर बाइक सवार पर गिरने की खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। बाइक सवार अचेत हो चुका था, बारिश की



वजह से करंट फैल रहा था, तत्काल बिजली विभाग को सूचना दी गई। करीब 25 से 30 मिनट में बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बिजली सप्लाय बंद की गई। युवक को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी मौत होना सामने आया। जांच के दौरान पता चला कि मृतक बाइक सवार आशिक उर्फ छोटू पिता अहमद नूर 35 साल निवासी तालोदा कालियादेह महल के पास का रहने वाला था। बाइक पर उसके 2 भतीजे सवार थे, तार टूटकर गिरते ही करंट लगने पर दोनों कूदकर दूर चले गये थे। आशिक के पैरों में तार फंस गया था। भतीजों से पूछताछ में पता चला कि आशिक ठेकेदारी करता था। काम से घर लौट रहे थे, इस दौरान गोल्डन पेट्रोल पंप पर बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिये रूके थे। पेट्रोल भरने के बाद निकले थे कि बारिश और हवा के बीच तार टूटकर गिरा। थाना प्रभारी के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। सोमवार सुबह पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू की जायेगी।

#### जा सकती थी कई लोगों की जान

बाइक सवार पर टूटकर गिरे बिजली के तार के दौरान काफी तेज बारिश हो रही थी। उक्त मार्ग महाकाल मंदिर आने-जाने का सबसे व्यस्तम मार्ग है। गनीमत रही कि बारिश के चलते यातायात थम सा गया था। जिसके चलते कई लोगों की जान बच गई। लेकिन हादसे के बाद कुछ लोगों ने बाइक सवार के पास पहुंचने का प्रयास किया, करंट फैलने से वापस लौट आये। पुलिस ने भी आवाजाही रोक दी थी।

#### कुछ समय पहले डाली थी लाइन

बताया जा रहा है कि हरिफाटक ब्रिज मार्ग पर चल रहे निर्माण कार्य के चलते कुछ समय पहले ही बिजली विभाग द्वारा नई हाईटेंशन लाइन डाली गई थी। लोगों का कहना था कि नई लाइन का तार टूटकर गिरना बिजली विभाग की लापरवाही है। घटनाक्रम के बाद मौके पर पहुंचे बिजली विभाग के कर्मचारियों ने सप्लाय बंद किया, जिसके चलते क्षेत्र अंधेरे में डूब गया था।

---

## फांसी लगाने से पहले छात्र ने लिखा था सुसाइड नोट

19 दिन बाद पत्नी-सास के खिलाफ प्रकरण दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

किताबों के बीच 20 से 22 घंटे बैठ आईएएस बनने का सपना संजोने वाले छात्र ने 15 जून को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मौत को गले लगाने से पहले सुसाइड नोट लिखा था, 19 दिन की जांच के बाद पुलिस ने पत्नी, सास और सास के प्रेमी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

आगर मालवा के नलखेड़ा में रहने वाला राहुल पिता रामकरण सूर्यवंशी 27 साल नागझिरी थाना क्षेत्र के न्यू इंदिरानगर में किराये का मकान लेकर आईएएस बनने की तैयारी कर रहा था। 2027 में आईएएस का सपना पूरा करने की योजना बनाई थी। वह 20 से 22 घंटे किताबों में मन लगा रहा था। लेकिन 15 जून को उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस की पड़ताल में घटनास्थल से उसके द्वारा लिखा गया सुसाइड नोट मिला था। 10 से 12 पन्नों के नोट में उसने अपनी शादी के चार माह की दास्तां के साथ पत्नी कविता उर्फ मन्नत, सास सिद्धिका कामरिया और सास के कथित प्रेमी गोपाल राजपूत पर प्रताड़ित करने के आरोप लगाये थे। उसने शादी के दूसरे दिन से फांसी लगाने तक की सभी बातों का उल्लेख किया था। सास और उसके प्रेमी पर तलाक लेने का दबाव बनाने के साथ उसे झूठे केस में फंसाने तक की बाते बताई गई थी।

---

## कार्यालय पहरे पर तैनात होमगार्ड सैनिक थमी सांस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

होमगार्ड डिवीजनल कार्यालय में पहरे पर तैनात होमगार्ड सैनिक की शनिवार रात तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन सांस थम चुकी थी। सैनिक की मौत होने की खबर विभाग तक पहुंची तो माहौल गमगीन हो गया।

होमगार्ड प्लाटून कमांडर पुष्पेन्द्र त्यागी ने बताया कि रात में कार्यालय गेट पर संत्री पहरे पर सैनिक छगनलाल पिता शोभाराम 55 साल तैनात था। रात 8 बजे के लगभग तबीयत बिगड़ने पर उन्हे अस्पताल ले जाया गया। जहां एक घंटे बाद सूचना मिली कि छगनलाल की सांस थम गई है। विभाग में जैसे ही खबर फैली माहौल गमगीन हो गया। बताया गया कि हार्ट अटैक से सैनिक का निधन हुआ है। प्लाटून कमांडर के अनुसार सैनिक छगनलाल मूलरूप से मक्सी के ग्राम कनासिया के रहने वाले थे। वर्ष 1995 में होमगार्ड की सेवा में शामिल हुये थे। कार्यकाल के दौरान उन्होने कई बार आपदा प्रबंधन में अपनी भूमिका निभाई। उनकी 31 साल की सेवा का कार्यकाल विभाग कभी नहीं भूल पायेगा। उनके परिवार में 3 पुत्रियां और 1 पुत्र है। घटनाक्रम के बाद पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। रविवार दोपहर उनकी अंतिम यात्रा पैतृक गांव से निकाली गई, जिसमें विभाग के अधिकारी और सैनिक श्रद्धांजलि देने पहुंचे।



**मौत की खबर से विभाग में गमगीन हुआ माहौल**

---

सिहोर पुलिस को थी तलाश, 10 हजार का था इनाम

## एसआई को मिली सूचना के बाद पकड़ाया फरार आरोपी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पास्को एक्ट में आष्टा से फरार चल रहे आरोपी की सूचना घट्टिया थाना एसआई को मिली तो निपानिया टोल पर नाकाबंदी की गई। आरोपी दोस्त के साथ कार में सवार मिला। जिसे हिरासत में लेकर शनिवार-रविवार रात 2 बजे सिहोर पुलिस को सौंपा। आरोपी पर 10 हजार का इनाम घोषित था।

घट्टिया थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि रात को चैकिंग के दौरान एसआई प्रवेश जाटव को सिहोर में पदस्थ बैचमेट से सूचना मिली थी कि आष्टा से पास्को एक्ट के मामले में सालभर से फरार चल रहे आरोपी पिंटू उर्फ अरविंद 22 वर्ष, निवासी भवरा थाना आष्टा के घट्टिया क्षेत्र से गुजरने की खबर मिली है। जिसे गिरफ्तार करना है। एसआई जाटव ने टीम के साथ निपानिया टोल पर नाकाबंदी की। कुछ देर में ही उक्त आरोपी कार में सवार होकर टोल पर पहुंचा, उसे टोल पार करने से पहले ही दबोचा गया और थाने लाया गया। पूछताछ करने पर सामने आया कि फरार आरोपी का परिवार भी पीछे आयशर में सवार होकर आ रहा है। सभी राघवी में रिश्तेदार के यहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। फरार आरोपी के गिरफ्त में आने पर आष्टा सिहोर पुलिस को अवगत कराया गया। रात 2 बजे आष्टा पुलिस घट्टिया पहुंची और आरोपी को अपने साथ लेकर रवाना हो गई। बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ 10 हजार का इनाम भी घोषित था।



---

## मानसून की झमाझम के बीच तापमान में 8.3 डिग्री का अंतर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रदेश में मानसून पूरी तरह से सक्रिय बना हुआ है। धार्मिक नगरी उज्जैन में भी रूक-रूककर झमाझम बारिश का क्रम बना हुआ है। मौसम में ठंडक महसूस होने लगी है। इस बीच दिन-रात के तापमान में 8.3 डिग्री का अंतर रह गया है।

पांच दिनों की देरी से आये मानसून ने अब अपनी रफ्तार पकड़ ली है। कुछ दिनों से शाम ढलने के बाद बादलों की गडगडाहट और हवा के साथ बारिश हो रही है। पिछले 15 दिनों में रविवार रात तक 374 मिलीमीटर बारिश हो चुकी थी, जो 15 इंच के लगभग है। बारिश के चलते तापमान में गिरावट आई है। लेकिन उतार-चढ़ाव बना हुआ है। शनिवार रविवार रात न्यूनतम 24.4 डिग्री दर्ज हुआ था। रविवार को अधिकतम तापमान 32.7 डिग्री रहा। जिसके चलते दिन-रात के तापमान में 8.3 डिग्री का अंतर रहा गया था। मौसम विभाग ने 2 दिन ओर तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। लेकिन मानसून की झड़ी का इंतजार कुछ दिनों तक ओर करना पड़ा सकता है।

#### शाम 7 बजे बाद हुई तेज बारिश

रविवार को दिनभर बारिश का इंतजार बना रहा, लेकिन शाम 6 बजे अचानक आसमान में काले बादलों की जमघट शुरू हो गई। हवा की रफ्तार भी तेज हो गई थी। 7 बजे बाद तेज बारिश की शुरूआत हुई। करीब एक घंटे तक बारिश होती रही उसके बाद रिमझिम का दौर शुरू हुआ, कुछ देर बाद ही फिर से तेज बारिश का नजारा दिखाई दिया। जो करीब 20 से 25 मिनट का रहा। तेज बारिश के चलते शहर में जलभराव की स्थिति बन गई थी। कई क्षेत्रों में बारिश का पानी भरने से आवागमन थम सा गया था।

---

## अर्जी वाले हनुमान मंदिर में रोपे गए 2000 फलदार और देव वृक्ष

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बड़नगर रोड स्थित अर्जी वाले हनुमान मंदिर में रविवार को वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। आगामी सिंहस्थ 2028 में देश भर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर में 2000 फलदार और देव वृक्षों का रोपण हुआ। यह आयोजन निरंजनी अखाड़े के वरिष्ठ महामंडलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरी जी महाराज के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस महाभियान का मुख्य उद्देश्य सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं को ताजे फल और प्राकृतिक छाया उपलब्ध कराना है।

---

अमृत हरित महाअभियान के तहत 10 लाख से अधिक पौधों का रोपण होगा

# नगर निगम निर्माण पूर्ण हुए घाटों पर छांव के लिए लगाएगा पौधे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नगर निगम ने सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण सिंहस्थ क्षेत्र को हरित बनाया जाने की तैयारी कर ली है। इसके तहत क्षिप्रा किनारे के निमार्णाधीन 29.2 किलोमीटर में से निर्माण पूर्ण हो घाटों के आसपास पौधारोपण किया जाएगा। इसके साथ ही घाटों के एप्रोच रोड पर भी छाया के लिए पौधारोपण किए जाने की योजना की तैयारी की जा रही है। अमृत हरित महाअभियान के तहत 10 लाख से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके लिए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में 3 लाख से अधिक गड्ढों की खुदाई की जा चुकी है तथा बड़े पैमाने पर पौधारोपण की तैयारियां की जा रही है।

**घाट की एप्रोच रोड को भी हरित किया जाने पर योजना की तैयारी**

#### आयुक्त की निगाह में काम झ्र

आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निदेर्शानुसार इस अभियान को नगर निगम में अपर आयुक्त योगेन्द्र पटेल अंजाम देने में लगे हैं। रविवार को श्री पटेल ने पौधारोपण की कार्ययोजना, गड्ढा खुदाई और चिन्हित स्थलों की तैयारियों की उद्यान विभाग की तैयारी की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान को जनभागीदारी के साथ सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण कर ली जाएं।

#### पौधारोपण के लिए इन स्थानों का चयन-

बैठक में अपर आयुक्त श्री पटेल ने बताया कि सिंहस्थ महापर्व-2028 को ध्यान में रखते हुए संपूर्ण सिंहस्थ क्षेत्र को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। विक्रम विश्वविद्यालय परिसर, एमआर-5 ट्रांसफर स्टेशन, मेघदूत पार्किंग के पीछे का क्षेत्र, चकोर पार्क, शक्तिपथ रोड, शहर के 400 से अधिक उद्यान, प्रमुख सड़कें, सड़क किनारे की भूमि, शासकीय एवं संस्थागत परिसरों, सभी जलाशयों के किनारे, पॉलिटेक्निक कॉलेज, कपिला गौशाला, काल भैरव मंदिर, गोंदिया ट्रेनिंग ग्राउंड तथा सभी जोनों के प्रमुख स्थानों सहित अनेक स्थलों का चयन किया गया है।

**पौधों की जियो टैगिंग भी होगी-** श्री पटेल ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पौधे की जियो-टैगिंग सुनिश्चित की जाए। अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए । अभियान में नगर निगम के साथ शासकीय विभाग, सामाजिक संस्थाएं, पर्यावरण प्रेमी, वृक्ष मित्र एवं आम नागरिक अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी का निर्वहन कर सकें।

**इधर घाट निर्माण में उजडे बांस-** वन विभाग ने कुछ वर्षों पूर्व भैरवगढ क्षेत्र में करीब 10 हेक्टेयर क्षेत्र में 8 वर्ष पूर्व बांस लगाए थे। इसका क्षेत्र क्षिप्रा नदी पर बने बडे ब्रिज के दाहिनी और था। घाट निर्माण के दौरान यहां करीब एक हेक्टेयर से अधिक का बांस पूरी तरह से घाट निर्माण में लगी मशीनों एवं ब्रिज निर्माण में नष्ट हो गया है। इसे लेकर वन विभाग की और से अब तक कोई संज्ञान भी नहीं लिया गया है। न ही घाट निर्माण के ठेकेदार एवं ब्रिज निर्माण के ठेकेदार को इस नुकसान के लिए आपत्ति दर्ज करवाना भी वाजिब नहीं समझा गया है।

#### घाट एवं चौडीकरण क्षेत्र में

बकौल श्री पटेल मार्ग चौड़ीकरण वाले क्षेत्रों विशेषकर सिंहस्थ क्षेत्र की प्रमुख सड़कों तथा निमार्णाधीन 29 किलोमीटर घाटों के निर्माण पूर्ण होने वाले क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके साथ ही घाटों के एप्रोच रोड पर भी जहां लाईनिंग एवं मार्किंग पूर्ण हो चुकी है वहां भी पौधारोपण किया जाएगा। सिंहस्थ क्षेत्र की लगभग 114 किलोमीटर लंबी सड़कों के दोनों ओर 84 हजार से अधिक छायादार एवं 8 से 10 फीट ऊंचाई वाले पौधे लगाए जाएंगे, ताकि सिंहस्थ-2028 तक क्षेत्र पूर्ण रूप से हरित और छायादार बन सके।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com